


अहोई अष्टमी पर्व आज

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

# सांध्य दैनिक इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 285 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 सभी नक्षत्रों का राजा है पुष्य नक्षत्र
5 फिल्मफेयर मेरे दिल के बहुत करीब है-कृति
6 टैक्स में गड़बड़ी निगम अफसर सस्पेंड





**त्योहार के पहले बाजार गुलजार...** वर्ष के सबसे बड़े त्योहार दीपावली पर्व आने में मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में कल रविवार अवकाश के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोगों ने खरीददारी की। राजवाड़ा और उसके आसपास के क्षेत्रों में देर रात तक बाजार खुले रहे।

## ब्रेकिंग न्यूज

- दिल्ली : आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए रवाना, आईआरसीटीसी व भूमि भ्रष्टाचार मामले पर सुनवाई
- बचे हुए बंधकों की रिहाई से पहले रेड क्रिसेंट की गाड़ियां गाजा के मुख्य इलाकों की ओर रवाना
- ईडी ने चेन्नई में कोल्डरिफ सिरप मामले में श्रीसन फार्मा के सात ठिकानों पर छापेमारी की
- बिहार चुनाव : दूसरे चरण के लिए आज से नामांकन शुरू, 20 तक भर सकेंगे पर्चा
- मुंबई : कुर्ला पश्चिम इलाके की कई दुकानों में लगी भीषण आग
- टैरिफ के जरिए भारत-पाक संघर्ष 24 घंटे में सुलझा दिया-ट्रंप
- फिलीपींस के लेयते द्वीप के पास 5.7 तीव्रता का भूकंप

# मिश्रा का पटवारी पर तंज : सब्सिडी और भावांतर का ले रहे फायदा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कांग्रेस के जीतू पटवारी भावांतर को लेकर सवाल खड़े करते है, कई तरह के आरोप लगाते है। मैं गारंटी देता हूं आपको, उनके यहां जो बिजली का कनेक्शन होगा उसमें भी वह मध्यप्रदेश सरकार का फायदा ले रहे होंगे। जो ट्रैक्टर वो खरीदकर लेकर आए होंगे, उसमें भी वो सब्सिडी का फायदा ले रहे हैं। यहां तक की भावांतर योजना में अभी जब माल बिकेगा, जब उनके खाते में पैसा जाएगा, उसका भी मैं आपको बैंक से निकालकर पर्चा दिखाउंगा। यह आरोप भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पर लगाकर तंज कसा है। उन्होंने एक आयोजन के दौरान कहा कि पटवारी मध्यप्रदेश सरकार का फायदा उठा रहे होंगे और इसके लिए उन्होंने गारंटी भी दी। दरअसल, रविवार को देपालपुर विधायक मनोज पटेल ने भावांतर समर्थन में ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया था। रैली में विभिन्न इलाकों से किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर सुपर कॉरिडोर पहुंचे। वहां एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी मौजूद थे। मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को लेकर यह बयान दिया। जीतू पटवारी की कथनी और करनी में अंतर है। वो किसानों के नेता जरूर है किंतु उन्होंने कभी किसान हित की बात नहीं की। एक बार वो किसानों के आंदोलन में गए थे, मालूम है ना किसानों को किस प्रकार की भाषा से कौन-कौन सी गालियां दे रहे थे।



### कांग्रेस को मुझसे अच्छा कौन जानता है-सिलावट

आयोजन में मंत्री तुलसी सिलावट भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कह दिया था कि कांग्रेस को मुझसे अच्छा कौन जानता है। मुझे याद है 2018 में कांग्रेस की सरकार थी। एक भी अन्नदाताओं का 2 लाख का कर्ज माफ नहीं हुआ। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सारे किसानों को डिफाल्टर बना दिया था। ब्याज की गठरियां उन पर रख दी थी। भाजपा की सरकार ने उनका दंड ब्याज भरा। ये अंतर है, भाजपा जो बोलती है वह करती है। इसके पहले मंत्री के मंच पर आने पर किसानों ने विधायक मनोज पटेल के नारे लगा दिए, इस पर मंत्री ने मंच से कहा कि अब लग रहा है कि मनोज जी के आंगन में तुलसी आई है।

### दिवाली लूट ऑफर, बेबस आरटीओ

# बस और फ्लाइट में 6 गुना किराए की वसूली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दिवाली से एक दिन पहले 19 अक्टूबर को इंदौर से पुणे तक यदि बस से जाना चाहते है तो किराए पर 5 हजार से ज्यादा खर्च करना पड़ेंगे। वहीं, ऑनलाइन सर्च में इसी दिन इंडिगो की फ्लाइट का किराया करीब 6 हजार रुपए बताया जा रहा है। यानी बस और फ्लाइट के किराए में ज्यादा अंतर नहीं है।

दरअसल, त्योहार पर घर जाने वाले और वापस लौटने वाले यात्रियों से बस ऑपरेटर मनमाना किराया वसूल करते हैं। ये किराया चार से पांच गुना ज्यादा होता है। ये कहानी हर साल की है। इंदौर और भोपाल से दूसरे बड़े शहर जैसे पुणे, मुंबई, बनारस जाने वाली बसों के किराए और इन्हीं शहरों की फ्लाइट के किराए का पता लगाया तो ज्यादा अंतर नहीं दिखा। वहीं मध्य प्रदेश के भीतर ही यानी भोपाल या इंदौर से रीवा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, गुना, ग्वालियर जाने वाली बसों का किराया भी चार से पांच गुना वसूल किया जा रहा है। टिकट एजेंट का कहना है कि ये किराया और बढ़ेगा। जब परिवहन विभाग के अफसरों से बात की तो उन्होंने कहा कि इस 'दिवाली लूट' पर उनका कोई कंट्रोल नहीं है। त्योहारों पर इस तरह की लूट से आम यात्री परेशान है। यात्रियों का कहना है कि दिवाली आते ही किराया आसमान पर पहुंच जाता है। कई यात्रियों ने तो बढ़ा हुआ किराया देखकर अपने घर जाने का प्लान ही कैंसिल कर दिया है। वहीं इंदौर शहर में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं ट्रेन में टिकट न मिलने पर जब वह बस का एडवांस टिकट लेने पहुंचे, तो दोगुने से ज्यादा किराया सुनकर खाली हाथ लौटना पड़ा। हर त्योहार पर यह स्थिति दोहराई जाती है। रेलवे की सीमित सीटें और सरकारी बसों की कमी यात्रियों को निजी ऑपरेटरों के शिकंजे में फंसा देती हैं। यदि परिवहन विभाग पहले से किराया नियंत्रण और अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करे, तो यात्रियों की यह वार्षिक परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है।

# बीजेपी नेताओं की आपत्तियों से अटकी कार्यकारिणी, दिल्ली ने लौटाई सूची

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मध्यप्रदेश इकाई की प्रस्तावित नई कार्यकारिणी वाली सूची को खारिज कर दिया है। इसके चलते पार्टी प्रदेश इकाई की नई टीम के गठन का मामला फिलहाल अटक गया है। माना जा रहा है कि अब बिहार चुनाव बाद ही इस पर कोई फैसला होगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने तीन दिन पहले ही प्रस्तावित नई कार्यकारिणी की सूची को अंतिम रूप दिया था। यह सूची जब दिल्ली पहुंची तो इसमें शामिल कुछ नामों पर पार्टी के दिग्गज नेताओं ने ही आपत्ति जताई। विरोध को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने मध्य प्रदेश इकाई की नई टीम के गठन का काम फिलहाल टाल दिया है।

**इन नामों को लेकर हुआ विरोध**-प्रस्तावित कार्यकारिणी में जिन नामों को लेकर सर्वाधिक विरोध हुआ। उनमें पन्ना से संजय नगाइच, कैलारस विधायक महेंद्र यादव व रायसेन से प्रभुराम चौधरी। पार्टी सूत्रों के अनुसार नगाइच का नाम सामने आते ही पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने इसका तीखा विरोध किया।

बुंदेलखंड की राजनीति में नगाइच व शर्मा को एक दूसरे का विरोधी माना जाता है। साल 2019 में खजुराहो संसदीय सीट से वीडी शर्मा की उम्मीदवारी का सर्वाधिक विरोध नगाइच ने किया था।

# मिड डे मील में टेट्रा पैक दूध देने की तैयारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र सरकार स्कूली बच्चों की पढ़ाई साथ उनकी सेहत में सुधार को लेकर एक बड़ा निर्णय लेने जा रही है। सरकार प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन (मिड डे मील) में टेट्रा पैक दूध देने की तैयारी कर रही है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग को अभिमत के लिए भेजा गया था।

स्कूल शिक्षा विभाग के अभिमत के अनुसार प्रस्ताव में जरूरी संशोधन किए जा रहे हैं। इसके बाद इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।



प्रस्ताव के अनुसार मिड डे मील में सरकारी प्रायमरी और मिडिल स्कूलों के 55 लाख से ज्यादा बच्चों को टेट्रा पैक दूध दिया जाएगा। 2023 के संकल्प पत्र में मध्यान्ह भोजन में बच्चों को पौष्टिक सामग्री देने का वादा किया था। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने संकल्प पत्र के इस वादे के क्रियान्वयन के लिए महिला-बाल विकास एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ विचार- विमर्श किया। इसमें पौष्टिक सामग्री संबंधी विभिन्न विकल्पों में से मिड डे मील में बच्चों को टेट्रा पैक दूध देने पर सहमति बनी। इसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है । प्रस्ताव के अनुसार मिड डे मील का वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। कुछ जिलों में इसका वितरण पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर करने पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इसके बाद पूरे प्रदेश के स्कूलों में टेट्रा पैक दूध का वितरण किया जाएगा। प्रस्ताव में बच्चों को सप्ताह में तीन दिन 200 मिली टेट्रा पैक दूध देने की बात कही गई है।

### क्या होता है टेट्रा पैक दूध

अल्ट्रा हाई टेम्प्रेचर (यूएचटी) या हाई टेम्प्रेचर शॉर्ट टाइम (एचटीएसटी) का उपयोग करके दूध को कुछ सेकेंड के लिए निर्धारित तापमान पर गर्म किया किया जाता है, फिर ठंडा किया जाता है और फिर से टेट्रा पैक्स में गर्म किया जाता है। टेट्रा पैक्स में दूध की सुरक्षा के लिए आमतौर पर छह लेयर्स होती हैं। टेट्रा पैक में उपलब्ध दूध की समय अवधि अन्य दूध की अपेक्षा ज्यादा होती है।

# अब लाड़ली बहना स्कीम में भी आरक्षण का तड़का

## सरकार की गोपनीय रिपोर्ट में लिखा, नौकरी में भी 36% रिजर्वेशन की सिफारिश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● ओबीसी वर्ग की 50 फीसदी से ज्यादा परिवारों की महिलाएं मजदूरी या शारीरिक श्रम करती हैं। राज्य सरकार को ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए ज्यादा सुरक्षा, विशेषकर लाड़ली बेटी और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं में इन वर्गों के लिए 50 फीसदी आरक्षण किया जाना आवश्यक है।

ये सरकार की उस गोपनीय सर्वे रिपोर्ट का हिस्सा है, जो सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे के साथ पेश की गई है। इस गोपनीय रिपोर्ट में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को 36 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की गई है। दरअसल, सरकार ने ओबीसी वर्ग की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने के लिए



महू के डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को एक सर्वे करने के लिए कहा था। विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. रामदास आत्राम की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश के करीब 10 हजार ओबीसी वर्ग के परिवारों पर ये सर्वे किया गया और इसकी रिपोर्ट 28 जुलाई 2023 को सरकार के राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग को सौंपी गई थी। ये रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आखिरकार किन वजहों से ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देना चाहिए।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में 27 फीसदी आरक्षण को लेकर सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट दो बार तारीख आगे बढ़ा चुका है। अगली सुनवाई नवंबर में है। इस मसले पर राजनीति भी हो रही है। ऐसे में सरकार ने हलफनामे के जो रिपोर्ट पेश की है, इस सर्वे का मकसद मध्य प्रदेश के ओबीसी की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का मूल्यांकन करना और इनके पिछड़ेपन के प्रमुख कारणों को पहचानना था। साथ ही ये भी पता करना कि सरकार की योजनाओं में इनकी वास्तविक भागीदारी कितनी है और इन योजनाओं का कितना फायदा ओबीसी वर्ग को मिल रहा है।

इसके लिए मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के करीब 10 हजार परिवारों पर सर्वे किया गया। उनसे सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को लेकर सवाल पूछे गए। साथ ही रिपोर्ट में इस बात का भी आकलन किया गया है कि मध्य प्रदेश के सरकारी विभागों में ओबीसी को कितना प्रतिनिधित्व मिल रहा है। सर्वेक्षण में शामिल 10,000 परिवारों में से 9,922 ने अपने पेशे की जानकारी दी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति का पता चलता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ओबीसी वर्ग में औसत बेरोजगारी दर 14.9 फीसदी है।

### सामाजिक स्थिति-पिछड़ेपन का कारण आज भी 'जाति'

ओबीसी के सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन का कारण जाति का बना रहना है। ओबीसी वर्ग के प्रति राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी हमेशा रही। इस समस्या से निपटने के लिए रिपोर्ट में डॉ. अंबेडकर की जाति-तोड़ो, समाज-जोड़ो की नीति को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सख्ती से लागू करने की सिफारिश की गई है।

# औषधि विभाग ने प्रयोगशालाओं के उन्नयन हेतु केंद्र से 200 करोड़ मांगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● छिंदवाड़ा सिरप संदूषण की घटना के मद्देनजर, मध्य प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एमपीएफडीए) ने केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है जिसमें दवा परीक्षण के बुनियादी ढांचे और कार्यबल को मजबूत करने के लिए 200 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

इस मामले पर चर्चा के लिए शुक्रवार को केंद्र सरकार के अधिकारियों और मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के बीच एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। एमपीएफडीए के प्रस्ताव में मौजूदा प्रयोगशालाओं को उन्नत करने, उन्नत परीक्षण उपकरण प्राप्त करने, कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और सूक्ष्मजीवविज्ञानी परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गई है। एमपीएफडीए नियंत्रक दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्य भर में दवा सुरक्षा जांच की दक्षता और विश्वसनीयता में सुधार करना है। वर्तमान में, मध्य प्रदेश में लगभग 6,000 परीक्षण प्रयोगशालाएँ संचालित हैं, जिनमें से प्रमुख सुविधाएँ इंदौर, भोपाल और जबलपुर में स्थित हैं। विस्तार के हिस्से के रूप में, परीक्षण को और अधिक विकेन्द्रीकृत करने और क्षेत्रीय कवरेज में सुधार करने के लिए ग्वालियर में एक नई प्रयोगशाला प्रस्तावित है। श्रीवास्तव ने विशेष रूप से हाल की खामियों के मद्देनजर, दवा उत्पादों के समय पर और सटीक परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए इन उन्नयनों की आवश्यकता पर बल दिया।

# न्यूज इन ब्रीफ

## दिवाली पूर्व राज्य कर्मचारियों का भी डीए बढ़ाए जाए - परमार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार ने दिवाली पूर्व राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की मांग की है। जहाँ केंद्र सरकार के अपने कर्मचारियों के डीए में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के फैसले का विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने स्वागत किया है वहीं राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों का भी डीए बढ़ाया जाए। पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार ने बताया कि गत दिनों माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसले अनुसार अब केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 से बढ़ाकर 58 फीसदी हो जाएगा। जो जुलाई माह से देय होगा। परमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से अनुरोध किया है कि राज्य कर्मचारियों के डीए में भी शीघ्र बढ़ोतरी की जाए। उल्लेखनीय है कि अभी राज्य कर्मचारियों को 55 फीसदी डीए एवं पेंशनरों को 53 फीसदी महंगाई राहत दी जा रही है।



## डॉ लिली डावर का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 5 सितंबर 2005 से 5 सितंबर 2025 तक प्रतिवर्ष अनवरत नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा आयोजित गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन करने पर, देवी अहिल्या की नगरी की जानी-मानी शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ लिली संजय डावर का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। रिकॉर्ड बुक एशिया हेड मनीष विश्नोई ने बताया कि डॉ डावर द्वारा लगातार 21 वर्षों तक, हर साल उक्त प्रतिष्ठित आयोजन का संचालन करने के लिए उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा ससम्मान सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ लिली डावर को पिछले साल 5 सितंबर 2024 को उत्कृष्ट संचालन के लगातार 20 वर्ष पूरे होने पर नगर पालिक निगम द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

## इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का सम्मान आज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का सम्मान एवं मीडिया का अभिवादन का आयोजन आज सम्मान समारोह के पश्चात मालवी भोजन, बिचौली मर्दाना स्थित विद्यासागर स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया है। इस अवसर पर निर्भय, निष्पक्ष, निरंतर कार्य करने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के ऐसे पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने अपने जीवन के 5 दशक समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में लगा दिए। सम्मान समारोह ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल की उपस्थित में सम्पन्न होगा। ये एक पहला ऐसा आयोजन होगा जिसमें पत्रकार जगत अपने परिवार के साथ आमंत्रित है।

## दशहरा दीपावली मिलन समारोह प्रेस क्लब का संपन्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रतिष्ठित चुनाव प्रेस क्लब के संपन्न हुए चुनाव मां सरस्वती पत्रकार के संयोजक अरविंद तिवारी के समूह की शानदार विजय असत्य पर सत्य की जीत .हासिल पर पर्व दशहरा और रोशनी के त्योहार दीपावली की खुशियों के साथ दशहरा मिलन समारोह स्थित प्रेस क्लब परिसर में पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी के पैनल संयोजक की उपस्थिति में बड़ी धूमधाम से उपस्थित सभी पत्रकारों के संपन्न हुआ। निर्वाचित दीपक कर्दम, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडे, महासचिव प्रदीप जोशी सचिन अभिषेक कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी पूनम शर्मा कार्यकारिणी सदस्य मनीष मक्खर प्रमोद दीक्षित श्याम कमले अभय तिवारी अतुल मुकाती श्याम कंबले एवं विजय भट्ट का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक कर्दम ने कहा चुनाव होते हैं कोई जीतता है कोई की पराजय होती है परंतु न्याय के चौथे स्तंभ पत्रकार के लिए संयोजक अरविंद तिवारी की टीम ने जो विश्वास आप ने किया उस सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

चुनाव तो जीत कर नेता अपने स्वार्थ में लग

# किसानों की ज्वलंत समस्याओं एवं ग्रीन फील्ड कॉरिडोर रद्द करने की मांग को लेकर 'किसान न्याय यात्रा' निकाली

## मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी हातोद एवं सांवेर को सौंपा गया ज्ञापन

**दैनिक इंदौर प्रतिनिधि**

**देपालपुर** • इंदौर जिले की सांवेर एवं हातोद तहसील के किसानों की मूलभूत समस्याओं को लेकर किसान न्याय यात्रा निकाली गई। इस न्याय यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व युवा नेतृत्व विजय राठौर (बंटी) ने किया। यात्रा हातोद से प्रारंभ होकर बोर्डियाकाकरिया, बसाद्रा, नाहरखेड़ा, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, हरियाखेड़ी, कछालिया, चंद्रावतीगंज होते हुए सांवेर पहुंची। यात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम सांवेर को सौंपा गया।

किसानों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। विशेषकर ग्रीन फील्ड रोड परियोजना के अंतर्गत छोटे एवं



मध्यमवर्गीय किसानों की भूमि का बड़े पैमाने पर अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे अनेक किसानों की संपूर्ण जमीन ही प्रभावित हो रही है। कांग्रेस संगठन की मांग है कि ग्रीन फील्ड योजना को तत्काल रद्द किया जाए, क्योंकि इसका कोई व्यावहारिक औचित्य नहीं है और यह केवल किसानों को उनकी आजीविका से वंचित कर रही है। इसके अतिरिक्त रेलवे एवं आउटर रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की जा रही भूमि का बाजार मूल्य के अनुसार उचित मुआवजा दिए जाने की मांग भी की गई। किसानों ने सोयाबीन फसल की खरीदी भावांतर योजना के स्थान पर समर्थन मूल्य पर करने, पीला मोज़ेक बीमारी से प्रभावित फसलों के मुआवजे, तथा घोड़ा रोज़ और जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा की भी मांग उठाई। अनुविभागीय अधिकारी हातोद श्री विनोद राठौर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें किसानों की सभी प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं उपस्थित सभी किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों की समस्याओं एवं ग्रीन फील्ड परियोजना को लेकर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे**-कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल (पूर्व जिला संघ अध्यक्ष), राजेंद्र मालवीय (पूर्व लोकसभा उम्मीदवार, देवास), शक्तिसिंह गोहिल (प्रदेश कांग्रेस सचिव), कृपाराम सोलंकी (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), योगेश परमार, चेतन चौधरी, केवल पंडित, मोहन चौधरी (ब्लॉक अध्यक्ष), अंतर पहलवान, पार्षद श्याम सोनी, सुमित पटेल, शांतिलाल पटेल, हरि सरपंच, राजा जाधव, पवन पटवारी, संजय पटेल, रमेश पटेल, अर्जुन साकला, रघुवीर सिंह चौहान, इलयास भाई, कमल पहलवान, उत्तम ठाकुर, पूर्व पार्षद आजम खान, पूर्व पार्षद निराला डागर, शंकर सोलंकी, मांगीलाल बीसी, बंटी कुमरावत (पूर्व पार्षद), संतोष जाट, छतर पटेल, अनुज नागर, प्रकाश खंडेलवाल, ठाकरसिंह यादव, कान्हा दास बैरागी, प्रकाश जाट सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## चले लात-घूंसे, वीडियो वायरल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • राजवाड़ा पर रविवार रात को कुछ दुकानदार आपस में भीड़ गए। बताया जा रहा है कि दुकान लगाने को लेकर उनके बीच विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते लात घूंसे चलने लगे। दुकान के सामान भी एक-दूसरे को मारने के लिए फेंके। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग जमकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि आगामी त्योहार के चलते शहर के राजवाड़ा चौक पर सामान की कई दुकानें लगने लगती है। दूर-दूर से लोग यहां पर सामान खरीदने भी आते हैं। लेकिन रविवार को दुकान लगाने की बात पर ही बवाल हो गया।

एसीपी हेमंत चौहान ने बताया कि दुकान लगाने को लेकर दुकानदारों में विवाद हो गया था। दोनों पर कार्रवाई की जा रही है।

## मामला एसिड डालकर आत्महत्या का : प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद की बात सामने आई, ससुराल पक्ष ने लगाए थे आरोप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पांच माह के बेटे को गोद में लेकर महिला द्वारा एसिड डालकर आग लगाने के मामले में राऊ पुलिस ने उसके पति कैलाश पटेल निवासी ब्रज विहार कॉलोनी के खिलाफ रविवार रात आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कैलाश का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस कैलाश को पहले ही हिरासत में ले चुकी है।

सुमन पटेल (25) ने गुरुवार शाम अपने 5 महीने के बेटे प्रथम को गोद में बैठाकर दोनों के ऊपर एसिड डालकर आग लगा ली। प्रथम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि महिला को चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर महिला ने भी दम तोड़ दिया। शुरूआत में पारिवारिक कलह की बात सामने आई थी, जबकि जांच में प्रेम प्रसंग का मामला भी पता चला है।

**एसीपी कर रही थीं जांच**-सुमन के भाई ने अपने जीजा पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इस आधार पर एसीपी नीति सक्सेना को जांच सौंपी गई थी। उन्होंने रविवार को ही अपनी जांच रिपोर्ट सबमिट की है। पुलिस ने जांच में पाया कि कैलाश अपनी पत्नी सुमन के साथ मारपीट करता था। उसे प्रताड़ित करता था। इसके चलते उसने परेशान होकर आत्महत्या का मन बना लिया। गुरुवार शाम जब कैलाश उसके कारखाने पर काम के लिए गया था। तब सुमन ने घटना को अंजाम दिया।

**ढाई साल पहले हुई थी शादी**-सुमन की कैलाश से ढाई साल पहले शादी हुई थी। दो साल तक बच्चा न होने पर पति और ससुराल के लोग उसे ताने देते थे। कैलाश मारपीट भी करता था। कैलाश के ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया था कि वे किसी अन्य महिला से बातचीत करते हैं और घर में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। इंदौर के राऊ इलाके में एक महिला ने अपने 5 महीने के बेटे को गोद में लेकर खुद पर एसिड छिड़क लिया और फिर आग लगा ली। इस घटना में दोनों की मौत हो गई।

## नेटफ्लिक्स की नई एनिमेटेड सीरीज़ ने इंदौर को आनंदित कर दिया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नेटफ्लिक्स का मूविंग थिएटर महाभारत की अमर कथा सुनाते हुए इंदौर के श्री साई पैलेस गार्डन पहुँचा। यहाँ पर दर्शकों को एयर-कंडीशंड सीटिंग, बड़ी स्क्रीन, थीम्ड गेम्स और मजेदार फोटो ज़ोन के साथ बिल्कुल सिनेमेटिक अनुभव प्राप्त हुआ। नागरिकों को भारत की सबसे महान कथा, महाभारत के बारे में हाल ही में लॉन्च हुई एनिमेटेड सीरीज़, कुरुक्षेत्र देखने का अवसर मिला।

इस मूविंग थिएटर को देखने के लिए बहुत तादात में लोग आए। यहाँ पर जश्न का माहौल था। फैंस एक एपिसोड की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने के लिए बहुत अधिक उत्साहित थे। उन्होंने किरदारों से प्रेरित हाउज़ी गेम्स में हिस्सा लिया। उन्हें थीमेटिक उपहार एवं मर्चेंडाईज़ दिए गए। यह एक यादगार ईवेंट थी। लोगों की सबसे अधिक दिलचस्पी फोटो बूथ में थी, जहाँ एकत्रित होकर वो अपने महत्वपूर्ण क्षणों को कैमरे में कैप्चर करना चाहते थे।

### नेटफ्लिक्स के इस मूविंग थिएटर के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ी, भारत की सबसे महान कथा की भावना हुई पुनः जीवित

यह ईवेंट सभी उम्र के लोगों को बहुत ज्यादा पसंद आई। यहाँ पर कॉलेज के बच्चों से लेकर परिवारों तक, विभिन्न पीढ़ियों के लोगों ने एकत्रित होकर साहस, धर्म और नियति की यह अमर कहानी देखी। इंदौर में यह आयोजन नेटफ्लिक्स के मल्टी-सिटी अभियान का हिस्सा था। अब यह मूविंग थिएटर लखनऊ, भोपाल और कानपुर होते हुए दर्शकों को भारत की सबसे महान कथा का अनुभव प्रदान करेगा। नेटफ्लिक्स महाभारत की अमर कहानी एक बार फिर लेकर आया है। इस बार यह कहानी उन 18 योद्धाओं के दृष्टिकोण से पेश की गई है, जो अपने नैतिक द्वंद्व, निर्णयों और नियति से संघर्ष करते हैं। इन किरदारों ने इतिहास की दिशा हमेशा के लिए बदल दी।

## सभी नक्षत्रों का राजा है पुष्य नक्षत्र

### इस बार मंगल पुष्य और बुध पुष्य योग - महंत आनंदगिरी महाराज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**महू** • जुना अखाड़ा, श्री सिद्ध बाबा श्यामगिरि सवाई मठ दिल्ली दरबार से नियुक्त इंदौर ( मालवा) मंडल के श्री महंत आनंद गिरी जी महाराज शिव पुराण, नारद पुराण, नीलमत पुराण ऋग्वेद का अध्ययन कर बताते है, पुष्य का शाब्दिक अर्थ होता है उर्जा व शक्ति देने वाला। पुष्य नक्षत्र को सभी नक्षत्रों का राजा भी कहा जाता है।

पुष्य नक्षत्र के देवता बृहस्पति देव माने गए हैं, और शनि को इस नक्षत्र का दिशा प्रतिनिधि माना जाता है। चूंकि बृहस्पति शुभता, बुद्धिमत्ता और ज्ञान का प्रतीक हैं, तथा शनि स्थायित्व का, इसलिए इन दोनों का योग मिलकर पुष्य नक्षत्र को शुभ और चिर स्थायी



बना देता है।

महाराज जी के अनुसार मंगलवार और बुधवार को पुष्य नक्षत्र होने के कारण इसे मंगल पुष्य योग और बुध पुष् य योग कहा जाएगा। इस बार पुष्य नक्षत्र लगभग 24 घंटे से अधिक समय तक रहेगा, जिससे भक्तों को शुभ खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। दीपावली के पूर्व आने वाला पुष्य नक्षत्र विशेष होता है, क्योंकि यह मुहूर्त खास तौर से खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है।

**14 अक्टूबर 2025- सुबह 11.54 बजे से पूरी रात**-15 अक्टूबर 2025- सुबह 06.22 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक. मंगल पुष्य (14 अक्टूबर)- मंगलवार को पुष्य नक्षत्र होने से इस दिन जमीन, संपत्ति, और वाहन की खरीदारी करना अत्यंत शुभ रहेगा क्योंकि मंगल भूमि के कारक ग्रह हैं। बुध पुष्य (15 अक्टूबर)- वहीं बुधवार को पुष्य नक्षत्र के दौरान ज्ञान, शिक्षा, व्यापार और निवेश से जुड़े कार्य करना विशेष फलदायी रहेगा, वहीं बुधवार को सोना-चांदी भी खरीद सकते हैं।

## टाटा मोटर्स ने स्वच्छ परिवहन की दिशा में बढ़ाया कदम

**इंदौर** • पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान देने वाली अग्रणी कंपनी, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स ने आज अपने उन्नत टाटा प्राइमा इलेक्ट्रिक ट्रकों की डिलीवरी एनवीरो व्हील्स मोबिलिटी को शुरू की। यह कंपनी ऊर्जा, खनन, सीमेंट और इस्पात जैसे क्षेत्रों में इको-फ्रेंडली परिवहन सेवाएं प्रदान करती है। इन इलेक्ट्रिक ट्रकों की पहली खेप चित्तौड़गढ़, राजस्थान में सौंपी गई। यह भारी-क्षमता वाले शून्य-उत्सर्जन ट्रक खनिज और अयस्कों के परिवहन में लगाए जाएंगे।

## नैट्रैक्स ने परीक्षण पथों के लिए टिकाऊ सामग्री विकसित करने हेतु सीएसआईआर प्रयोगशाला के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण पथ (नैट्रैक्स), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग रिसर्च सेंटर (एसईआरसी) के साथ साझेदारी के माध्यम से अपने परीक्षण पथों और क्रैश बैरियर के लिए टिकाऊ सामग्री और नवीन डिज़ाइन पेश करने पर काम कर रहा है।

इस सप्ताह एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया यह सहयोग, ट्रैक निर्माण और रखरखाव के लिए पर्यावरण के अनुकूल, लागत प्रभावी सामग्रियों के अनुसंधान और विकास पर केंद्रित है। इसमें भारतीय जलवायु और सड़क परिस्थितियों के अनुकूल उन्नत क्रैश बैरियर और नागरिक संरचनाओं का डिज़ाइन और परीक्षण भी शामिल होगा।

यह सहयोग ऑटोमोटिव बुनियादी ढांचे में टिकाऊ सामग्री और उन्नत इंजीनियरिंग समाधान पेश करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ह्रुक्ष्क्ष्क्ष के निदेशक डॉ मनीष जायसवाल ने कहा, एसईआरसी की शोध क्षमताओं के साथ हमारी परीक्षण विशेषज्ञता को जोड़कर, हमारा लक्ष्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और हमारे परीक्षण ट्रैक के प्रदर्शन को बढ़ाना है।

एसईआरसी में सीएसआईआर के 84वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। सीएसआईआर-एसईआरसी के निदेशक डॉ एन आनंदवल्ली ने कहा कि साझेदारी दोनों संस्थानों को देश के ऑटोमोटिव और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए नवीन संरचनात्मक सामग्री और प्रौद्योगिकियों को संयुक्त रूप से विकसित और मान्य करने में मदद करेगी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई 3,000 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और इसमें 15 प्रकार के परीक्षण ट्रैक हैं, जिनमें दुनिया का पाँचवाँ और एशिया का सबसे लंबा 11.3 किमी हाई-स्पीड परीक्षण ट्रैक शामिल है।

## उमंग फेस्टिवल में खुद को और घर को सजाने की खरीदारी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अभय प्रशाल में शानिवार की सुबह से ही चहल- पहल शुरू हो गई थी क्योंकि यहां पर दो दिवसीय उमंग शॉपिंग फेस्टिवल की शुरुआत हुई। अ.भा. श्वेतांबर महिला संघ की ओर से आयोजित इस फेस्टिवल में इंदौर सहित देश भर की 120 महिला उद्यमी भाग ले रही हैं। दीपावली से ठीक पहले लगाए गए इस मेले में महिलाओं ने खुद को सजाने के साथ साथ अपने घर को सजाने के लिए जम कर शॉपिंग की।

विनीशा साहनी मोतियों से सजे ब्राइडल बैग लेकर आई हैं जिन्हें दिवाली गिफ्ट के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। अर्पिता और वंदना अग्रवाल की स्टॉल पर पूजा की थालियां, डिजाइनर दिए, लड्डू गोपाल की पोशाकों के साथ ही भगवान के लिए सुंदर आभूषण भी मौजूद हैं। ऋतिका चोपड़ा के पास भी पूजा और की थाली, दियों के प्लेटर्स और मोतियों के तोरण भी आकर्षक हैं।

## प्रदेश की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए एमपीटी ने प्रभावशाली लोगों की बैठक आयोजित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने डिजिटल पहुँच के माध्यम से राष्ट्रीय और वैश्विक दर्शकों के लिए राज्य के दर्शनीय, अनछुए स्थलों को उजागर करने के लिए जीवंत एमपीटी प्रभावशाली लोगों की बैठक का आयोजन किया। मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत के प्रमुख सोशल मीडिया प्रभावशाली लोग क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपने अनुभव और रणनीतियाँ साझा करने के लिए एकत्रित हुए।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यटन) शिव शेखर शुक्ला ने पर्यटन के प्रति राज्य के संतुलित दृष्टिकोण पर ज़ोर दिया, जिसमें पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आर्थिक विकास का मिश्रण शामिल है।

एएमडी (पर्यटन) बिदिशा मुखर्जी ने मध्य प्रदेश की संस्कृति, विरासत और प्रकृति के अनूठे मिश्रण पर प्रकाश डाला। सहायक प्रबंधक (पर्यटन) नीलम रावत ने बताया कि यह प्रभावशाली लोगों के सम्मेलन का पाँचवाँ संस्करण था और उन्होंने राज्य के पर्यटन को देश भर में बढ़ावा देने में प्रभावशाली लोगों की बढ़ती भूमिका पर संतोष व्यक्त किया।

प्रसिद्ध अभिनेता अशोक पाठक ने भोपाल और सीहोर में लोकप्रिय पंचायत श्रृंखला के फिल्मांकन के अपने अनुभवों को गर्मजोशी से साझा किया और राज्य के स्वागतपूर्ण, सिनेमा-अनुकूल वातावरण की प्रशंसा की।

पैनल चर्चा के दौरान, प्रभावशाली व्यक्ति स्वाति मुकुंद ने प्राणपुर जैसे शिल्प गाँवों में नवाचार और आतिथ्य की प्रशंसा की और वहाँ पर्यटन में वृद्धि का उल्लेख किया। वन्यजीव फोटोग्राफर आयुष सिंह ने मध्य प्रदेश के अभयारण्यों में चीतों और तेंदुओं को देखकर अपने उत्साह को साझा किया और संरक्षण की सफलताओं का जश्न मनाया। कार्यक्रम में कैप्शन दिस प्रश्नोत्तरी और नर्मदा परिक्रमा रील की घोषणा जैसी इंटरैक्टिव गतिविधियाँ शामिल थीं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

# ऑक्सीजन प्लांट बना रेस्ट रूम... करोड़ों रु. खर्च कर स्थापित किए थे 3 प्लांट

## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट होने के बाद भी खरीदीं

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**धार•** जिला अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए कोरोनाकाल में तीन स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए थे। जो बंद है। अब इन्हें रेस्ट रुम के रुप में उपयोग किया जा रहा है। वहीं जिला अस्पताल प्रबंधक हर साल 5 लाख रुपए की ऑक्सीजन खरीद रहे है। ऑक्सीजन प्लांट बंद होने को लेकर जिम्मेदारों का तर्क है जो ऑक्सीजन प्लांट लगे है, उनसे तय मानक स्तर की ऑक्सीजन नहीं बन रही है। इसके चलते ये बंद है। लेकिन सूत्रों की माने तो ऑक्सीजन प्लांट में टेक्नीकल फाल्ट है। इसके चलते बंद है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में लगे तीनों ऑक्सीजन प्लांट पर करीब दो से तीन करोड़ रुपए खर्च किए गए है।



### ऑक्सीजन प्लांट की 95% प्योरिटी इसलिए नहीं कर रहे उपयोग

जिला अस्पताल में एलएमओ टैंक से ऑक्सीजन उपयोग करने के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि टैंक की प्योरिटी 99.9% है, वहीं ऑक्सीजन प्लांट की प्योरिटी 95% है। ऐसे में टैंक प्योरिटी बेस्ट होने के कारण इसका उपयोग किया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि अस्पताल द्वारा तीनों प्लांट को कभी चालू ही नहीं किया जाता है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो प्लांट सर्विसिंग के अभाव में बंद पड़े हैं। बाहर से खरीद रहे ऑक्सीजन... यहां 300 बेड के जिला अस्पताल में हर बेड पर ऑक्सीजन लाइन का दावा अस्पताल द्वारा किया जाता है। इसमें ऑक्सीजन की पूर्ति एलएमओ टैंक से की जाती है। इस टैंक की खासियत यह है कि इसे एक से दो माह में रिफिल किया जाता है। इसमें 6500 लीटर ऑक्सीजन रिफिल होता है, जिस पर करीब 90 हजार रुपये का खर्च होता है। इस तरह एक साल में करीब 5 लाख 40 हजार रुपये ऑक्सीजन पर खर्च हो रहा है।

# आयुक्त द्वारा बेटमा के आगे स्थित डामर प्लांट का निरीक्षण

## प्लांट पर ही होगी मटेरियल की क्वालिटी जांच, निगम इंजीनियर होंगे नियुक्त

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार हेतु चल रहे पेचवर्क एवं डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बेटमा के आगे ग्राम धुनेरी, देपालपुर रोड पर स्थित जय बजरंग स्टोन क्रेशर के डामर प्लांट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि निगम के अनुबंधित एजेंसियों के प्लांट पर निगम के इंजीनियर नियुक्त किए जाएं, जो प्लांट पर ही मटेरियल की क्वालिटी जांच कर, मानक अनुसार सही पाए जाने पर ही साइड पर मटेरियल भेजें। उन्होंने कहा कि प्लांट स्तर पर निगरानी से पेचवर्क व डामरीकरण की गुणवत्ता 80 प्रतिशत तक बेहतर की जा सकती है।

आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रॉ मटेरियल में डस्ट न हो, टेंप्रेचर सही रहे, गिट्टी क्वालिटी वाली हो तथा सीव (छलनी) का उपयोग अनिवार्य किया जाए। आगामी टेंडरों में भी इन सभी बिंदुओं को शामिल करने के निर्देश दिए गए।झ निरीक्षण के दौरान जय बजरंग स्टोन क्रेशर एजेंसी के मटेरियल की क्वालिटी संतोषजनक नहीं पाए जाने पर आयुक्त ने सैंपल टेस्ट कराए और गुणवत्ता ठीक न होने पर एजेंसी पर पेनल्टी लगाने तथा डस्टयुक्त चूरी का उपयोग न करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अर्थ जैन, अभय राजनगांवकर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## इंदौर में असली क्राइम ब्रांच नें नकली क्राइम ब्रांच को पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** इंदौर क्राइम ब्रांच ने नकली क्राइम ब्रांच बनकर लूट करने वाले और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों द्वारा एक युवक को उसके घर से उठाया और गाड़ी में बिठाकर उसके साथ मारपीट की बीच बचाव करने आए युवक के पिता के साथ भी मारपीट की थी पूरा ही मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने नकली क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल दो दिन पूर्व इंदौर क्राइम ब्रांच में फरियादी स्नेह पिता राजेश परमार द्वारा शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर तीन आरोपी दीपक नीरज और अमन आए और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए घर में घुसकर मारपीट की और उसके पिता को लसूडिया क्षेत्र में ले जाकर धमकाया और उसके साथ भी मारपीट की और कहां की तुम गलत काम करते हो जिसके लिए तुम्हें जेल जाना होगा धमका कर आरोपियों ने 500000 से अधिक उसके अकाउंट से ट्रांसफर करवा लिए और उसे छोड़ दिया गया इसके बाद उसने पुलिस की शरण ली और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने दीपावली के लिए इंदौर राजवाड़ा बाजार से खरीदे मिट्टी के दीपक



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** देश भर में दीपावली की धूम है, दुकानें सज गयी है घरों में साफ़-सफ़ाई शुरू हो चुकी है और घरों को सजाने का सामान भी हर दुकान पर सजने लगा है। जहाँ आज कई लोग ऑनलाइन शॉपिंग करके घर बैठे ही सामान बुलवा लेते हैं वहीं फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों पर घर चलाने का संकट पैदा हो जाता है। इसी असमानता को दूर करने और अपनों से जुड़ने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया गया है। इसी को लेकर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अपने घर दीपावली की तैयारी के लिए रविवार को इंदौर राजवाड़ा बाजार से मिट्टी के दीपक/दीये खरीदे। उन्होंने सड़क पर दुकान लगाने वाली महिला से दीये की ख़रीदारी की। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प हम पूरा करेंगे।

## सड़कों पर कदमताल करते नजर आए 20 हजार बाल स्वयंसेवक, इंदौर में आयोजित हुआ आरएसएस का 90 किलोमीटर लंबा पथ संचलन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** इंदौर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवक जयघोष के साथ कदमताल करते हुए सड़कों पर उतरे। इस पथ संचलन में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कुछ क्षेत्रों में यह संचलन सुबह आयोजित किया गया, जबकि अन्य इलाकों में इसे शाम के समय संपन्न किया गया। 40 विभिन्न स्थानों से शुरू होने वाले पथ संचलन में शहर में कुल 90 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी, जिसमें लगभग 20 हजार बाल स्वयंसेवक भाग लेंगे। बंगाली कालोनी से शुरू हुआ संचलन आधा किलोमीटर से अधिक लंबाई में फैला हुआ था।

### फूलों की वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

स्वयंसेवकों के स्वागत के लिए कई स्थानों पर विशेष मंच बनाए गए थे। इसके साथ ही परिवारों ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाई थी। संचलन का स्वागत फूलों की वर्षा से भी किया गया। महिलाओं ने चंदन और तिलक लगाकर स्वयंसेवकों का आदरपूर्वक अभिनंदन किया। पथ संचलन में सभी स्वयंसेवक बैंड की धुनों के साथ कदमताल करते हुए एक कतार में आगे बढ़े।

### अब तक का सबसे बड़ा संचलन

पांच अक्टूबर को इंदौर में 34 विभिन्न स्थानों से पथ संचलन निकाला गया, जिसमें लगभग डेढ़ लाख स्वयंसेवक शामिल हुए। संख्या के लिहाज से यह इंदौर का अब तक का सबसे बड़ा संचलन माना गया। एक सप्ताह के अंतराल के बाद बाल स्वयंसेवकों का संचलन आयोजित किया गया, जिसकी तैयारियां कई दिनों से की जा रही थीं।

## सरयू मेला में झलकी पूर्वांचल की संस्कृति और स्वाद की अनूठी छटा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** मालवा की धरती पर शनिवार और रविवार का दिन पूर्वांचल की लोक-संस्कृति, संगीत और स्वाद से सराबोर रहा। शहर के पूर्वांचल एवं सरयूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सरयू मेला में ऐसा प्रतीत हुआ मानो अयोध्या की पावन सरयू नदी स्वयं इंदौर में अवतरित हो गई हो। मेले की संगीतमय संध्या में सुप्रसिद्ध लोकगायिकाएं हेमा पांडे और करीना पांडे ने अपनी मधुर आवाज़ में ऐसे लोकगीत प्रस्तुत किए कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। बिहार और उत्तर प्रदेश की लोक परंपराओं से जुड़े सोहर, कजरी, और छठ गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावनाओं और भक्ति से भर दिया।



'रोई-रोई कहे बझिनिया हो, सुनी हो दीनानाथ', 'केकर लाले-लाले अंचरा', और 'छठ माई के करब बरतिया भोरहि चार बजे' जैसे लोकगीतों ने हर श्रोता के हृदय को स्पंदित कर दिया। ऐसा लगा मानो सरयू और गंगा के तटों से उठती स्वर-लहरियां इंदौर के आकाश में गूंज रही हों। संगीत के साथ-साथ पूर्वांचल के स्वादिष्ट व्यंजनों का संगम भी मेले का विशेष आकर्षण रहा। लिट्टी-चोखा, खाजा, लोंगलता, बलिया की बड़ी-पूरी, ज्वार-बाजरे की रोटी, के साथ सुरती सुपारी और कलकतिया-बनारसी पान ने आगंतुकों के स्वाद को यादगार बना दिया।

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता हेतु अपील

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. माधव हसानी (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) एवं डॉ. जी.एस. सोढ़ी (सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय इंदौर) के नेतृत्व में उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता यश सोलंकी ने इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के माध्यम से लोगों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता हेतु अपील की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को विभिन्न मानसिक बीमारियों जैसे अवसाद, तनाव आदि तथा अन्य मानसिक परेशानियों के उपचार के लिए जागरूक करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु जिला चिकित्सालय के मनकक्ष एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र (आयु वर्ग 10 से 19 वर्ष) के लिए, टेली-मानस हेल्पलाइन (14416) तथा मनहित ऐप के माध्यम से नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

## भोपाल की ताल के चौपाल से

# साहब पर चढ़ा मोहिनी का जादू, एसपी साहब का कांड और डॉक्टर साहब का बड़ा मैसेज...

बोल हरि बोल



हरीश दिवेकर

पत्रकार हरीश दिवेकर के लोकप्रिय कॉलम बोल हरि बोल के रोचक किस्सों का आनंद लीजिए...

सत्ता, संगठन और साहिबान के गलियारों में इस समय कई दिलचस्प घटनाएं हो रही हैं। मंत्री जी की ऐतिहासिक मुलाकात से लेकर मोहिनी के जादू तक, हवाला कांड और मिनी महल के खुलासे तक ये सब पढ़ें आज के बोल हरि बोल में... सत्ता, संगठन और साहिबान की खबरें कभी सीधी-सादी नहीं होतींज वो कानों में फुसफुसाकर चलती हैं, गलियारों में गूंजती हैं और फिर पूरे सिस्टम में सुर्खियां बन जाती हैं। अब देखिए न, मध्यप्रदेश में एक नेताजी ने एक मिनट की मुलाकात को ऐतिहासिक बता दिया। एक साहब मोहिनी के मोहपाश में उलझकर सुर्खियों में आ गए हैं। हवाला कांड में कप्तान साहब भी डूबते नजर आ रहे हैं। रिटायर ईएनसी का मिनी महल खूब चर्चा में है। हर किस्से के पीछे एक चेहरा है, एक इशारा है और एक कहानी है। आप तो सीधे नीचे उतर आइए और वरिष्ठ

### एक मिनट की सार्थक चर्चा...

सत्ता के गलियारों में जो दिखता है, हमेशा वैसा होता नहीं और जो होता है, वो अक्सर किसी को पता नहीं चलता। ग्वालियर-चंबल अंचल में भी कुछ ऐसा ही सीन देखने को मिला है। हुआ यूं कि कैमराजीवी मंत्री जी अंचल में पहुंचे थे। सड़क किनारे यहां के दिग्गज नेताजी खड़े थे। इनका कभी सिक्का चलता था। अब कहानी में ट्विस्ट ये कि मंत्री जी कार से उतरे ही नहीं। खिड़की से हल्की सी मुस्कान, हाथ हिलाया और गाड़ी आगे बढ़ गई। बस... मुलाकात खत्म। लेकिन नेताजी कहां पीछे रहने वाले थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर कैप्शन ठोक दिया कि मंत्री जी से आत्मीय भेंट एवं सार्थक चर्चा हुई। एक मिनट में सड़क पर कौन सी सार्थक चर्चा हो गई, ये तो नेताजी ही बेहतर बता सकते हैं। इधर, जनता भी पीछे नहीं रही। कैमराजीवी मंत्री जी की खिंचाई हो रही है। लोगों का कहना है, अरे भैया, मंत्री जी कम से कम गाड़ी से उतरकर दो मिनट की औपचारिकता तो निभा ही सकते थे।

### मोहिनी के मोहपाश में बंधे साहब

मोहिनी का जादू और साहब का दिलज मंत्रालय के गलियारों में इन दिनों बस इसी की बातें चल रही हैं। जी हां! प्रमुख सचिव स्तर के एक साहब इन दिनों कामकाज से ज्यादा मोहिनी के मीठे वार्तालाप में व्यस्त रहते हैं। हाल ये है कि जैसे ही मोहिनी ऑफिस आती हैं, साहब के केबिन का दरवाजा आम लोगों के लिए बंद हो जाता है। बाकी फाइलें, मीटिंग और मंत्रालय के जरूरी कामज सब लाइन में लग जाते हैं। कहा जा रहा है कि मोहिनी के सामने साहब का प्रोटोकॉल भी पानी भरता है।मोहिनी की मौजूदगी में कोई उनके कमरे में झांक भी नहीं सकता। अब नाम जानने के लिए आप उतावले होंगे, लेकिन थोड़ा ठंडा पानी पी लीजिए। हम तो बस इतना बता सकते हैं कि साहब को फिलहाल मंत्रालय से बाहर बैठा दिया गया है। अब यह मोहिनी का जादू है या अफसरशाही की गड़बड़ी, ये तो समय ही बताएगा। साहब का नाम जानने के लिए अंदरखाने की खबर आपको खुद निकालनी पड़ेगी।

### बड़े साहब को बड़ा मैसेज!

पिछले दिनों सुशासन की क्लास में डॉक्टर साहब के तीर सीधे निशाने पर लगे हैं, बस उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। जी हां, प्रदेशभर के अफसरों को भोपाल बुलाकर डॉक्टर साहब ने जब मंच संभाला तो उन्होंने बातों ही बातों में सबको टाइट कर दिया। उन्होंने कलेक्टर-एसपी, आईजी-कमिश्नर और तमाम मैदानी अफसरों से दो टूक कहा कि मैदान में रहो, काम करो, लंबी-लंबी मीटिंगों में वक्त मत गंवाओ। इसके बाद उन्होंने मंत्रालय में बैठे ऊंचे ओहदेदारों की ओर नजर घुमाई और नपे-तुले अंदाज में बोले, मैदानी अफसरों को काम करने दें, उन्हें बैठकों में उलझाएं नहीं। बस फिर क्या था हॉल में बैठे अफसरों के बीच फुसफुसाहट शुरू हो गई। अब तो सबकी जुबान पर एक ही बात थी कि डॉक्टर साहब ने नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा सीधा बड़े साहब की ही तरफ था।

### देसी मीटिंग में विदेशी प्रेजेंटेशन?

एडीजी साहब का विदेशी स्टाइल इस बार भारी पड़ गया है। दरअसल, हुआ यूं कि जब आईजी-एसपी कांफ्रेंस में एडीजी साहब मंच पर आए तो सबको लगा कि अब कोई बड़ा इनोवेटिव प्रजेंटेशन देखने को मिलेगा। सच में उन्होंने बड़ी मेहनत की भी थी, स्लाइड्स में इनोवेशन था, आवाज में खनक और मिशन था ट्रैफिक व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव लाना। लेकिन फिर... आई गड़बड़। साहब ने अपने प्रजेंटेशन को थोड़ा ग्लोबल लुक देने के लिए विदेशी क्लिप्स चला दीं। बस फिर क्या था, डॉक्टर साहब ने मुस्कुराते हुए एक लाइन में बात समेट दी। उन्होंने कहा, डॉक्टर भी बीमारी का इलाज विदेश के हिसाब से नहीं, भारत के माहौल को देखकर करता है। आपको भी यहीं की समस्या को समझकर हल निकालना होगा। इतना सुनते ही हॉल में सनाका खिंच गया। अब एडीजी साहब के खास कह रहे हैं कि मेहनत तो साहब ने दिल लगाकर की थी, पर ग्लोबल टच ने लोकल प्रजेंटेशन में खलल डाल दिया।

### क्या कप्तान साहब ने कराया है पूरा खेला?

सिवनी में व्यापारी के तीन करोड़ रुपए पुलिसवालों ने हड़प लिए। खबर ने जैसे ही आग पकड़ी तो पुलिस मुख्यालय में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सब इंस्पेक्टर, हवलदार और सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया। शुरू में पूरा मामला बस नीचे वालों तक सीमित रहा। इसके बाद मीडिया ने सवालों की बौछार कर दी। फिर डीजीपी साहब ने दखल दिया और महिला एसडीओपी को भी हटा दिया गया। अब अंदरखाने की जो बात निकली है, उसने पूरे मामले को और तगड़ा बना दिया है। पता चला है कि व्यापारी के पैसे पकड़ने कप्तान साहब का स्टाफ खुद मौके पर मौजूद था। अब सवाल उठ रहा है कि कप्तान साहब को सच में कुछ पता नहीं था या फिर उनकी मौन सहमति थी? पुलिस के गलियारों में तो सबको मालूम है कि इतनी बड़ी रकम का खेला सिर्फ एसडीओपी लेवल पर संभव ही नहीं। इस कांड के पीछे कोई बड़ा चेहरा तो जरूर है। अब सबकी निगाहें डीजीपी साहब पर हैं। क्या कप्तान साहब भी इस जांच की आंच में आएंगे या कहानी फिर छोटे मछलियों पर ही खत्म हो जाएगी?

### इन साहब का मिनी महल!

लोकायुक्त की रेड में पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड ईएनसी के यहां से करोड़ों की संपत्ति मिलने के बाद अब नजरें एक और साहब पर टिक गई हैं। ये पीएचई विभाग के ईएनसी रहे हैं। बताया जा रहा है कि जनाब ने इंदौर में 12 करोड़ में तीन लग्जरी फ्लैट खरीदे और फिर उन्हें जोड़कर एक 12 हजार वर्गफीट का मिनी महल खड़ा कर लिया। इसकी अंदर-बाहर की सजावट ऐसी है कि किसी पांच सितारा बंगले को मात दे दे। गॉशिप के गलियारों में तो यहां तक कहा जा रहा है कि साहब ने अपने दौर में नल-जल योजना में ऐसी चांदी काटी कि अब रिटायरमेंट में भी रॉयल लाइफ जी रहे हैं। अब सवाल ये है कि जब रिटायर ईएनसी के पास इतनी दौलत निकल रही है तो अफसरशाही में और कितनी परतें बाकी हैं? लोकायुक्त की रेड के बाद मंत्रालय में भी कानाफूसी तेज है कि अब बारी किसकी है?

### राजा साहब का गुपचुप मिशन...

कभी धुर विरोधी रहे दो बड़े नेताओं की मुलाकात ने राजनीति में हलचल मचा दी है। बताया जा रहा है कि राजा साहब ने बीते दिनों अपने पुराने प्रतिद्वंदी नेता से मुलाकात की और बंद कमरे में करीब आधे घंटे तक लंबी बातचीत चली। इस गुपचुप मीटिंग में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति, संगठन सृजन और नाराज नेताओं को साधने पर खास फोकस रहा। दिलचस्प बात ये है कि इन दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती, लेकिन मुलाकात ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। अब कानाफूसी है कि राजा साहब अचानक मेल-मिलाप के मूड में क्यों आए? क्या कोई बड़ा संगठनात्मक खेल चल रहा है? वैसे आपको बता दें कि राजनीति में मुलाकातें कभी बेवजह नहीं होतीं और इस मुलाकात के तो कई मायने निकाले जा रहे हैं। इसे दिल्ली का एक मैसेज भी माना जा रहा है।

## सेवा सुरभि के मिलन समारोह में पूरे समय गूंजते रहे ठहाके-कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था %सेवा सुरभि% के तत्वाधान में बीती रात प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । देश के प्रख्यात कवि डॉ. राजीव शर्मा एवं प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी ने इस मौके पर राष्ट्र भक्ति एवं अन्य व्यंग्य रचनाओं से खचाखच भरे सभागृह को करतल ध्वनि एवं ठहाकों के लिए पूरे समय बाध्य बनाएं रखा । प्रारंभ में संस्था के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत, समाजसेवी अशोक बडजात्या, अरविंद जायसवाल एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने दीप प्रज्वलन कर इस सुहानी शाम का शुभारंभ किया ।

## सम्पादकीय

### कूटनीति बनाम मूल्यों की लड़ाई – तालिबान से संवाद में महिलाएं दरकिनार क्यों?

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मंत्री की दिल्ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की अनुपस्थिति ने भारत की विदेश नीति और लैंगिक समानता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत में महिला सशक्तीकरण की तस्वीर को सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि आज यहां महिलाएं अमूमन हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं। वे किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व के मामले में बेहतरीन नतीजे दे सकती हैं। मगर चाहे-अनचाहे कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें महिलाओं के खिलाफ दुराग्रह आम दिखते हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने भारत दौरे के क्रम में नई दिल्ली में शुक्रवार को जो संवाददाता सम्मेलन किया, उससे महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। जिस दौर में भारत की बहुत सारी महिला पत्रकार देश-दुनिया की मुख्यधारा की पत्रकारिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, वैसे समय में किसी देश के विदेश मंत्री से सवाल करने वालों के बीच उन्हें जगह नहीं दी जाए, तो यह न केवल सामान्य औपचारिकता के खिलाफ है, बल्कि पत्रकारिता के मोर्चे पर बेहद सक्षम रही महिलाओं को कमजोर मानने की तरह है। यह संभव है कि किसी देश के दूतावास के परिसर के संदर्भ में जो नियम-कायदे लागू होते हैं, उसके मुताबिक मेजबान देश के दखल की एक सीमा होगी। मगर यह विचित्र है कि संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को बाहर रखने के मसले पर सरकार की ओर से कोई औपचारिक विरोध दर्ज नहीं किया गया। इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जरूर जारी किया कि इस संवाददाता सम्मेलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी! सवालों से घिरने के बाद रविवार को मुत्ताकी के एक और संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। इसे सिर्फ गलती में सुधार की कोशिश ही कहा जा सकता है! इससे पहले के संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं को बाहर रखने के पीछे की मानसिकता सवालों से परे नहीं हो जाती। दुनिया भर में भू-राजनीतिक तकाजों के मुताबिक रणनीतिक रूप से किसी अन्य देश के साथ संवाद और संबंध के ऐसे प्रारूप तय किए जा सकते हैं, जिससे अपने देश के हित सुनिश्चित किए जा सकें। आतंकवाद के मोर्चे पर अफगानिस्तान के साथ संवाद कायम करना भारत के हित में हो सकता है, लेकिन इस क्रम में तालिबान के वैचारिक मानदंडों या मानसिकता को जगह देना कितना सही माना जा सकता है।

# तानाशाह के खिलाफ, लोकतंत्र के समर्थन में संघर्षों को शांति का नोबेल

जब दुनियाँ अशांति के दौर से गुजर रही हो, तब शांति के नोबेल पुरुस्कार की महत्ता बढ़ जाती है। इस पुरुस्कार की महत्ता तब और भी बढ़ जाती है, जब अमेरिका जैसे शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस पुरुस्कार को पाने की इच्छा जताते हुए मुहीम चला रहे हो। अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर अन्य देशों के नेताओं से सार्वजनिक बयान दिलवा रहे हो। दुनियाँ यह भी जानती है की नोबेल पुरुस्कार देने वाली संस्था का वैश्विक स्तर पर नाम है। संस्था की विश्वनीय चयन प्रक्रिया है। संस्था द्वारा चयनित नाम अविवादित एवं पुरुस्कार प्राप्ति के योग्य होते है। अपने नाम एवं विश्वास के अनुरूप इस संस्था ने नोबेल शांति पुरुस्कार के सम्मान को बनाए रखा है। वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरुस्कार वैनेजुएला की विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाड़ो को दिए जाने की घोषणा की गयी। मारिया लोकतंत्र समर्थक नेता होकर अपने देश वैनेजुएला में बिखरे पढ़े विपक्ष को एक करने की कोशिश के साथ तानाशाह के खिलाफ 20 बरसों से लोकतंत्र की स्थापना हेतु संघर्षशील है।

नोबेल शांति पुरुस्कार दुनियाँ के प्रतिष्ठित पुरुस्कारों में से एक है। यह स्वीडिश उद्योगपति, आविष्कारक और हथियार निर्माता अल्फ्रेंड नोबेल की इच्छा से स्थापित पांच पुरुस्कारों में से एक है। इन पुरुस्कारों में शांति, रसायन विज्ञान, भौतिकी, फिजियोलाजी या चिकित्सा और साहित्य में नोबेल पुरुस्कार शामिल है। नोबेल की वसीयत के अनुसार प्राप्तकर्ता का चयन नार्वे की संसद द्वारा नियुक्त पांच सदस्यीय समिति नार्वेजियन नोबेल समिति द्वारा किया जाता है। नोबेल पुरुस्कारों की शुरुआत 1901 में हुई थी। अल्फ्रेड नोबेल जिन्होंने विस्फोटक डायनामाइट का आविष्कर किया था। उन्होंने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी सम्पत्ति का बड़ा हिस्सा एक ट्रस्ट के लिए सुरक्षित रख दिया था, ताकि हर साल मानव जाति के कल्याणकारी काम करने वालों को सम्मानित किया जा सके। शुरुआत में यह पुरुस्कार पांच क्षेत्र में दिया जाता था, लेकिन 1969 में अर्थशास्त्र के क्षेत्र को भी इसमें शामिल किया गया।

वर्ष 2025 का शांति का नोबेल पुरुस्कार





वैनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देते हुए नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनियाँ के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय मारिया मचाडो जैसे लोगो कि हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा लोकतंत्र ही स्थाई शांति कि शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिये जनता को दबाने लगती है तो ऐसे साहसी लोगो को सम्मान देना जरुरी हो जाता है। मचाड़ो ने सुमाते नामक संगठन कि स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वें देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग करती है। नोबेल कमेटी ने कहा उन्होंने पुरुस्कार के तीन मापदंडो को पूरा किया। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया, सैन्यकरण के खिलाफ लगातार खड़ी रही और लोकतंत्र को समर्थन दिया। उन्होंने लोकतंत्र में ऐसे भविष्य की उम्मीद जगाई है, जहां नागरिकों के मूल अधिकार सुरक्षित हो और उनकी आवाज़ सुनी जाए और वह शांति से जी सके। मचाडो को वैनेजुएला की आयरन लेडी कहा जाता है। उन्होंने पुरे देश को एकजुट किया ताकि वें देश के तानाशाह राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को चुनाव में हरा सके।

नोबेल शांति पुरुस्कार की घोषणा पर दुनियाँ नजर गड़ाए हुए थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से अपनी मंशा जाहिर कर चुके थै। उन्होंने अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर दुनियाँ के देशो से अपने नाम का समर्थन भी करा लिया था जिन आठ देशो ने ट्रम्प को नोबेल देने की वकालत की उनमे पाकिस्तान, इजरायल, अमेरिका, आर्मीनिया, अजरबेजान, माल्टा, कम्बोड़िया शामिल है। घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने राइटर न्यूज ऐजेंसी को कहा की नोबेल कमेटी ने एक बार फिर साबित कर दिया की वें शांति से ज्यादा राजनीति को तहरीज देते है।

इन सब घटनाक्रमों से यह जाहिर है की विश्व के शक्तिशाली देश कहे जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मन में विश्व के सबसे प्रतिष्ठित शांति पुरुस्कार पाने की लालसा थी। मन में उपजी इस मंशा को उन्होंने जाहिर भी किया और इस हेतु मुहीम भी चलाई।दुनियाँ के ताकतवर देश के राष्ट्रपति के द्वारा शांति का नोबेल पाने मंशा को सार्वजनिक करना नोबेल समिति के लिए एक चुनौती जरूर थी। किंतु इस कमेटी ने अपने नाम और प्रतिष्ठा के अनुरूप मोचाडो का चयन कर इस पुरुस्कार के प्रति दुनियाँ के लोगो के विश्वास को बढ़ाया है। चयन समिति ने लोकतात्रिक मूल्यों के पक्ष में संघर्षरत एक छोटे से देश की विपक्ष की नेता को यह सम्मान देकर दुनियाँ में लोकतान्त्रिक मूल्यों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है।

नोबेल पुरुस्कार के गौरव से अनेकों भारतीय भी सम्मानित हो चुके है। जिन्होंने अपने क्षेत्र में मानव कल्याण के प्रतिमानों को छुआ है। ऐसे भारतीय नागरिकों में रविंद्र नाथ टैगोर साहित्य, सी.वी. रमन भौतिकी, हरगोविंद खुराना चिकित्सा, मदर टेरेसा शांति, सुब्रह्मणयन चंद्रशेखर भौतिकी, अमृतय सेन अर्थ शास्त्र, वेंकटरमन रामकृष्णन रसायन विज्ञान, कैलाश सत्यार्थी शांति, अभिजीत बनर्जी अर्थशास्त्र, वी.एस नायपाल साहित्य शामिल है।

सम्मान या पुरुस्कार देने के पीछे पवित्र संदेश होता है। यह संदेश दुनियाँ के लोगो को प्रेरित करता है। ऐसे समय जब दुनियाँ के देशों में अशांति चरम पर है। तानाशाही प्रवृतियों के द्वारा लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा हो, जनता की स्वतन्त्रताओं पर कुठाराघात किया जा रहा हो। मारिया कोरिना मचाडो ने छोटे से देश वैनेजुएला में लोकतंत्र के लक्ष्य को स्थापित करने के लिए 20 बरसों से तानाशाह शासक के विरुद्ध किया जाने वाला संघर्ष मायने रखता है। नोबेल कमेटी ने यह भी साबित किया की सत्ताधारी नहीं विपक्षी नेता के रूप में किया जाने वाले संघर्ष मायने रखता है। नोबेल शांति पुरुस्कार के प्रति व्हाइट हाउस भले नाराजी जता रहा हो, किंतु दुनियाँ में स्वतंत्रता, समानता एवं लोकतंत्र के पक्षधर नागरिकों के मन में नोबेल शांति पुरुस्कार के प्रति आदर सम्मान में वृद्धि हुई है। बधाई मारिया, कोरिना मचाड़ो आप वैनेजुएला में लोकतंत्र बहाली की लड़ाई में सफल हो, बधाई के पात्र तो 2025 के नोबेल शान्ति पुरुस्कार की चयन समिति भी है जिन्होंने एक पावर फूल देश के राष्ट्रपति की जाहिर मंशा को दरकिनार करते हुए एक छोटे से देश में लोकतंत्र बहाली की लड़ाई को तहरीज देते हुए दुनियाँ को सकारात्मक संदेश दिया है।



**नरेंद्र तिवारी**
स्वतंत्र लेखक

## आंचलिक

### झिरन्या में सोयाबीन खराब, किसान ने फसल जलाई-कम बारिश और पीला मोजेक से नुकसान

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**



खरगोन जिले के भीकनगांव और झिरन्या क्षेत्रों में कम बारिश और पीला मोजेक वायरस के कारण सोयाबीन की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। फसल खराब होने से परेशान किसानों ने फसल में ही पशु चरा दिए और रोटावेटर चला दिया। कुछ किसानों ने तो अपनी फसल में आग तक लगा दी। जिला प्रशासन ने खराब हुई फसल का सर्वे कराने का दावा किया है, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

#### किसान ने दो एकड़ में बोई फसल को आग लगाई

मिटावल भावसिंगपूरा के किसान अखिलेश पटेल ने अपनी दो एकड़ जमीन में बोई हुई सोयाबीन की फसल में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में 30 किलो बुवाई करने के बावजूद 25 किलो भी उपज नहीं मिली। वहीं, दूसरे हिस्से में 20 किलो भी उपज नहीं आ पाई, जिसके चलते उन्होंने फसल की ढेरियों को जला दिया।

#### कम बारिश और पीला मोजेक से चौपट हुई फसल

झिरन्या के अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई के साधन नहीं हैं, जिससे किसान पूरी तरह बारिश पर निर्भर रहते हैं। इस बार कम बारिश और पीला मोजेक वायरस के हमले से फसलें चौपट हो गईं। किसानों का कहना है कि जब खेत में उपज ही नहीं है, तो उन्हें भावांतर योजना का लाभ कैसे मिलेगा? वे खराब फसल के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ने इस संबंध में प्रशासन को अवगत कराया है और किसानों के लिए राहत राशि की मांग की

### खरगोन में मां नर्मदा संवाद संत दादागुरु होंगे शामिल

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन में 14 अक्टूबर को मां नर्मदा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दादा गुरु भक्त मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अखंड निराहार संत श्री दादागुरु शामिल होंगे। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य ओंकारेश्वर से शुरू होने वाली नर्मदा परिक्रमा की रूपरेखा पर चर्चा करना है। दादा गुरु भक्तमंडल के देवेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि संतश्री राधाकुंज मांगलिक परिसर में सुबह 11 बजे पधारेंगे। इस अवसर पर मां नर्मदा के दिव्य स्वरूप, नर्मदा परिक्रमा के महत्व और अध्यात्म पर गहन संवाद होगा।



जादौन ने आगे बताया कि कार्तिक पूर्णिमा, 5 नवंबर को ओंकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा शुरू होगी। इस यात्रा में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। नर्मदा तट पर यह भक्ति, साधना और सेवा का पर्व कई दिनों तक चलेगा।

### आयुष्मान योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों की जांच-विधायक की शिकायत पर सीएमएचओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया



**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में नेपानगर विधायक मंजू दादू की शिकायत के बाद निजी अस्पतालों की जांच शुरू हो गई है। विधायक ने दो दिन पहले कलेक्टर हर्ष सिंह से आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को बिल न देने और अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को सीएमएचओ डॉ. आरके वर्मा ने बालाजी अस्पताल का निरीक्षण किया। विधायक दादू ने अपनी शिकायत में बताया था कि अधिकांश निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को बिल नहीं देते, न ही रेट लिस्ट प्रदर्शित करते हैं और न ही चार्जेज की जानकारी देते हैं। इन अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर ने सीएमएचओ को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। जांच अभियान के पहले दिन सीएमएचओ डॉ. वर्मा बालाजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन, कर्मचारियों की जानकारी और आयुष्मान योजना से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच के लिए कुछ रिकॉर्ड भी अपने साथ लिए। सीएमएचओ ने बताया कि यह कलेक्टर के निर्देश पर किया गया एक नियमित निरीक्षण है। आयुष्मान कार्ड योजना में अतिरिक्त शुल्क लेने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।

### नेपानगर क्षेत्र के गांवों में 3 दिन बिजली कटौती-4 फीडरों के पोस्ट मानसून मेंटेनेंस से प्रभावित होंगे कई गांव

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा डाभियाखेड़ा विद्युत वितरण केंद्र के तहत आने वाले चार फीडरों का पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण आगामी तीन दिनों तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कंपनी के अनुसार, 12 अक्टूबर को डाभियाखेड़ा उपकेंद्र के 11 केवी हिवरा घरेलू फीडर का मेंटेनेंस सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इसके चलते डाभियाखेड़ा, बड़ी टांडा, पांच इमली, पलासुर, सोनुद, हैदरपुर, डालमहू और हिवरा गांव में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। 13 अक्टूबर को सीवल उपकेंद्र के 33-11 केवी सीवल फीडर का मेंटेनेंस सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। इस दिन किसी भी गांव में बिजली आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

### नशे में धुत फॉरेस्ट डिप्टी रेंजर का सड़क पर ड्रामा -खंडवा में पुलिस अफसर पहुंचे तो बोला- किसी ने 5 हजार रूपए लूट लिए

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

खंडवा में रविवार रात को फॉरेस्ट विभाग के एक डिप्टी रेंजर ने देर तक सड़क पर ड्रामा किया। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में धुत था, जब मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे तो कहने लगा कि उसके साथ लूट की वारदात हुई है। उसने एटीएम से कुछ पैसे निकाले थे और कार के डेशबोर्ड पर रख दिए थे। इसमें से पांच हजार रूपए गायब हो गए।

सिंगाजी रेंज अंर्तगत छनेरा में पदस्थ डिप्टी रेंजर संतोष दिहाड़े ने आरोप लगाया कि वह छनेरा से खंडवा आ रहा था, तभी रास्ते में सिहाड़ा के पास उसकी गाड़ी रोड किनारे उतर गई। इतने में खंडवा तरफ से एक गाड़ी आ रही थी, उस गाड़ी का ड्राइवर उतरा और मेरी कार को रिवर्स लिया। फिर सिहाड़ा से पड़ेला हनुमान मंदिर वाले रास्ते से खंडवा आ गया। यहां देखा कि कार में रखे पैसों में से पांच हजार रूपए गायब थे। डिप्टी रेंजर दिहाड़े ने आगे बताया कि जिस गाड़ी के ड्राइवर ने उसकी मदद की थी। मुझे अंदाजा है कि वह गाड़ी पुलिस की थी, ड्राइवर की कद-काठी भी पुलिस की तरह थी। डिप्टी रेंजर के साथ हुई वारदात की सूचना मिलने के बाद मौके पर सीएसपी अभिनव बारंगे, मोघट टीआई धीरेश धारवाल, कोतवाली टीआई अशोकसिंह चौहान भी पहुंचे थे। नशेड़ी डिप्टी रेंजर ने पुलिस अधिकारियों को कई



देर तक उलझाकर रखा।


**कैमरे दिखाने का कहा तो बोला- ढूढ़ को दिखाऊंगा-** मौके पर पहुंचे सीएसपी अभिनव बारंगे ने डिप्टी रेंजर से कहा कि तुम्हारी कार में कैमरे लगे है। उन्हें चेक कर लेते है कि किसने लूट की वारदात की है। तभी आरोपी की पहचान हो जाएगी। इस पर डिप्टी रेंजर संतोष दिहाड़े कहने लगा कि मैं कैमरे केवल इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को दिखाऊंगा। पुलिस अफसरों ने कहा कि तो हम कौन लोग हैं? एक काम करो, पहले नशा उतारो फिर थाने आकर शिकायत कराओ।

### नर्मदा स्नान के दौरान डूबी महिला, नर्स थी-भाई को नाविक ने बचाया, उज्जैन से ओंकारेश्वर आए थे

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान हादसा हो गया, दो लोग डूब गए। साथ आए लोगों ने मदद की गुहार लगाई तो नाविकों ने रेस्क्यू किया। एक व्यक्ति को बचा लिया गया, लेकिन महिला डूब गई। कुछ देर बाद उसका शव निकाला गया। मृतक महिला महाराष्ट्र के नंदूरबार जिले से आई थी। वह एक निजी अस्पताल में नर्स थी। मांधाता पुलिस ने पूनम पति हेमप्रताप राजपूत (34) निवासी नंदुरबार (महाराष्ट्र) की डूबने से मौत की पुष्टि की है। पूनम के साथ चार लोग थे, इनमें उसका मुंहबोला भाई भागवत दिवाकर (29) भी था। भागवत ने बताया कि पूनम उसकी मुंहबोली बहन है, मैं, पूनम और मेरा दोस्त और उसकी पत्नी उज्जैन महाकाल ज्योर्तिलिंग मंदिर के दर्शन करने आए थे। पहले उज्जैन गए, वहां से इंदौर होते हुए ओंकारेश्वर आए। यहां से धामनोद होकर वापस महाराष्ट्र जाने वाले थे।

यहां ज्योर्तिलिंग दर्शन से पहले



हमने नर्मदा स्नान का मन बनाया। हम लोग दोपहर साढ़े 12 बजे नर्मदा स्नान के लिए अभय घाट पर पहुंचे। जहां घाट पर स्नान के दौरान अचानक पानी का तेज बहाव आया, पूनम दीदी और मैं डूबने लगा। 10 मिनट बाद नाव लेकर एक नाविक पहुंचा, जिसने मेरी तो जान बचा ली, लेकिन दीदी डूब गई। कुछ घंटे बाद उसी जगह दीदी का शव मिला। मृतक पूनम राजपूत की मौत की वजह स्नान के दौरान डूबने से हुई है। हालांकि, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पूनम के परिजनों को सूचना दे दी गई है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन के पहुंचने पर शव उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### किसान लगा रहे बांस -राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत मिल रही पचहत्तर हजार की सब्सिडी

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर जिले में राष्ट्रीय बांस मिशन योजना के तहत आदिवासी किसानों को खेत की मेढ़ों पर बांस लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वन विभाग की पहल पर वनग्राम मांडवा और बदनापुर के किसानों ने पहली बार अपनी वन अधिकार पत्र वाली भूमि पर बांस के पौधे लगाए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत मांडवा और बदनापुर के चार किसानों ने नेपानगर की सरकारी नर्सरी से 500-500 बांस के पौधे खरीदे और उनका रोपण किया। इन किसानों को प्रति वर्ष पचहत्तर हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है, जो वन विभाग द्वारा तीन किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त दिसंबर के आसपास मिलने की उम्मीद है।

# स्मृति ने रचा इतिहास, सबसे तेज पांच हजार रन बटोरने वाली बल्लेबाज बनीं



**विशाखापट्टनम (एजेंसी) •** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को आईसीसी वूमंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लीग मैच में एक साथ दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने कमाल का खेल दिखाया और वह वूमन ओडीआई क्रिकेट में दो नए इतिहास रचने में सफल हो गईं। मंधाना वूमंस वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में न सिर्फ सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली बल्लेबाज बनी हैं, बल्कि वह सबसे कम उम्र में वूमंस ओडीआई क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बन गई हैं।

ओवरऑल वह पांचवीं बल्लेबाज इस उपलब्धि पर पहुंचने वाली बनी हैं। मंधाना ने जैसे ही 58वां रन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया, वैसे ही वह सबसे तेज और सबसे कम उम्र में 5000 रन वूमंस वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उन्होंने 112वीं पारी में इस उपलब्धि को हासिल किया, जबकि गेंदों के हिसाब से 5569 गेंदों का सामना करते हुए वह 5000 रन तक पहुंच गईं। न सिर्फ पारी, बल्कि गेंदों के हिसाब से भी उनका ये विश्व रिकॉर्ड है। इसके अलावा सबसे कम उम्र में (29 साल 86 दिन) वह 5000 रन बनाने वाली बल्लेबाज बनी हैं।

## रविंद्र जडेजा को अब भी वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा, देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं खेलना चाहता हूं, लेकिन आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूं। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी।





## कुलदीप ने पांच विकेट हॉल के साथ की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दिल्ली टेस्ट में कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने मेहमानों को 248 के स्कोर पर ढेर किया। इससे पहले भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 518 रन बोर्ड पर लगाए थे। कुलदीप यादव ने अपने टेस्ट करियर का पांचवां पंजा खोला। कुलदीप ने इस पांच विकेट के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कुलदीप ने अपने करियर का पांचवां फाइफर लेकर इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जॉनी वार्डले की बराबरी कर ली है। कुलदीप यादव ने अपना पांचवां फाइव विकेट हॉल मात्र 15वें टेस्ट में लिया, जबकि जॉनी वार्डले को ऐसा करने के लिए 28 मैच लगे थे।

## सिने जगत

# शाहरुख की कम्यूनिटी सिर्फ लेना जानती है, देना नहीं - अनुराग

**मुंबई (एजेंसी) •** कुछ समय पहले फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप बालीवुड सुपर स्टार सलमान खान के खिलाफ कड़े बयान दिए थे और अब शाहरुख खान को लेकर भी उन्होंने विवादित टिप्पणी की है। कश्यप ने शाहरुख खान के दुबई स्थित घर को लेकर कहा कि वहां का घर उनके लिए जन्नत जैसा है, जबकि भारत में उनका मकान मन्नत कहलाता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि शाहरुख की कम्यूनिटी सिर्फ लेना जानती है, देना नहीं। अनुराग ने कहा, यह कम्यूनिटी सिर्फ लेते हैं, देते नहीं। शाहरुख खान के दुबई घर को जन्नत कहा जाता है और भारत में मन्नत। इसका मतलब यह है कि यहां आपकी सारी मन्नतों का जवाब मिलता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शाहरुख लगातार अपनी डिमांड बढ़ाते रहते हैं और उनके बंगले में दो और फ्लोर बनाए जा रहे हैं। कश्यप ने सवाल उठाया कि अगर उनकी जन्नत दुबई में है, तो उन्हें भारत में क्या काम है। शाहरुख की नीयत पर भी कश्यप ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वह फिल्मों में लाइन्स बोलते हैं, लेकिन अपनी जिंदगी में सामान्य लोगों के लिए कुछ नहीं करते। उनके पैलेस ऐसे हैं जहां आम लोग नहीं पहुंच सकते। हमें उनकी नेटवर्थ की चिंता क्यों करनी चाहिए? उनके अनुसार, शाहरुख खान भले ही अच्छी तरह बातें करते हों, लेकिन उनकी नीयत पर संदेह है।



# फिल्मफेयर मेरे दिल के बहुत करीब है-कृति



**मुंबई (एजेंसी) •** 70वें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2025 के दौरान अपनी परफॉर्मेंस की डिटेल शेयर करते हुए कृति सेनन ने कहा, फिल्मफेयर मेरे दिल के बहुत करीब है, जहां हम सिनेमा, उसकी कहानियों और उन्हें साकार करने वालों के प्रति अपने प्यार का उत्सव मनाते हैं। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स को लेकर उन्होंने कहा कि इस साल परफॉर्म करना मेरे लिए जादुई अनुभव है। मैं एक प्रेरणादायक महिला को अपनी प्रस्तुति से सलामी दूंगी और दर्शकों के साथ इस पल को जीने के लिए उत्साहित हूं। कृति सेनन के अलावा अक्षय कुमार भी इस बार फिल्मफेयर के लिए स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि वे स्टेज पर कुछ हैरतअंगेज स्टंट भी परफॉर्म करते दिखाई देंगे। इस बार के अवॉर्ड शो में अभिषेक बच्चन भी स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। अभिषेक बच्चन ने अवॉर्ड शो को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक इंटरव्यू में कहा था, फिल्मफेयर ने हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह बनाई है। मैंने ब्लैक लेडी को देखते हुए बचपन का वक्त बिताया और यही मंच मुझे सम्मानित भी कर चुका है।

## उज्जैन संभाग

# दीपावली से पहले दो दिन पुष्य नक्षत्र:सिद्ध-साध्य योग में शनि-बृहस्पति का केंद्र त्रिकोण योग बनेगा; खरीदारी और कार्यों के लिए अत्यंत शुभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन •** दीपावली पर्व से पहले इस बार पुष्य नक्षत्र 14 अक्टूबर, मंगलवार को सुबह 11=10 बजे से शुरू होकर 15 अक्टूबर, बुधवार को दोपहर 12=30 बजे तक रहेगा। इस दौरान मंगलवार को सिद्धि योग और बुधवार को साध्य योग का संयोग बनेगा। यह नक्षत्र खरीदारी और नए कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

ज्योतिषियों के अनुसार, शनि और बृहस्पति से संबंधित इस नक्षत्र का गोचर पर्व काल से पहले स्थायी समृद्धि और सफलता का कारक होता है। आमतौर पर गुरु पुष्य और शनि पुष्य का विशेष महत्व होता है, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाला पुष्य नक्षत्र भी अनुकूल फलदायी माना जाता है। इस बार शनि और बृहस्पति का केंद्र त्रिकोण योग भी बन रहा है।




### पं. अमर डब्बावाला ने बताया

ज्योतिष शास्त्र में प्रत्येक नक्षत्र का अपना महत्व होता है। जिसका ग्रह विशेष पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। पुष्य नक्षत्र पर मुख्य रूप से शनि और गुरु का प्रभाव माना जाता है। गुरु से संबंधित वस्तुओं जैसे सोना, बही खाता, नई पॉलिसी, बैंक एफडी, नए रेस्टोरेंट, मंडी के सौदे, धान, खाद, बीज, पशुओं का आयात, धार्मिक वस्तुएं और रत्न आदि की खरीदारी इस दौरान शुभ फल देती है।

### कुछ न कुछ वस्तु जरूर खरीदनी चाहिए

शनि से संबंधित क्षेत्रों में नए वाहन, इलेक्ट्रिकल आइटम्स, कारखाने, नई फैक्ट्री, नई दुकान का शुभारंभ, वस्त्र, सोफा सेट, बर्तन, पेट्रोल पंप और रासायनिक बाजार आदि में निवेश या खरीदारी लाभकारी मानी जाती है। इस बार बन रहा शनि और बृहस्पति का केंद्र त्रिकोण योग भविष्य में खरीदी गई वस्तुओं में समृद्धि का कारण बनेगा।

परंपरागत रूप से पुष्य नक्षत्र पर कुछ न कुछ वस्तु अवश्य खरीदनी चाहिए, क्योंकि यह स्थायी समृद्धि का प्रतीक है। ऐसी वस्तुएं जो लेन-देन के क्रम में आ सकें, उन्हें खरीदना विशेष फलदायी होता है, क्योंकि इससे देने का पुण्य और लेने का लाभ दोनों प्राप्त होते हैं। यही कारण है कि लोग इस शुभ नक्षत्र पर खरीदारी को प्राथमिकता देते हैं।

# आगर बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं, अतिक्रमण व जाम बना परेशानी

**आगर - मालवा • दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वृहद आकार के बस स्टैंड पर यात्रियों को आवश्यक सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। नपा प्रशासन ने यहां बने दो यात्री प्रतीक्षालयों के साथ एक सुलभ कॉम्प्लेक्स को तोड़कर एक जगह बस स्टैंड के दूसरी ओर नवीन बस स्टैंड जाने का रास्ता बना दिया तो दूसरे में दुकानें बनाकर कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, हालांकि नपा प्रशासन ने यहां सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर दिया है, लेकिन यात्रियों के बैठने के लिए यात्री प्रतीक्षालय अभी तक नहीं बना है। ऐसे में बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं है।



यहीं नहीं बस स्टैंड पर नियमानुसार बसों के आने जाने की समुचित जानकारी की समय सा?रणी भी चस्पा नहीं की गई है, इस कारण यहां आने वाले यात्रियों को बसों के आने जाने की जानकारी वहां दुकानदारों या बसों के एजेंट से लेना पड़ती है। बस स्टैंड पर जहां अव्यवस्थाओं का अंबार लगा रहता है। वहीं बस स्टैंड पर मुख्य समस्या यातायात जाम की हो रही है, क्योंकि बसों के खड़े होने के साथ ही चार पहिया और ऑटो रिक्शा के साथ यहां वाहन पार्किंग के अभाव में दो पहिया वाहन भी बड़ी संख्या में दुकानों के सामने अव्यवस्था फैलाते नजर आते है। यही नहीं हाथठेला व्यवसाय बस स्टैंड पर जहां जगह मिलती, वहीं अपना ठेला लगाकर व्यापार करने लगते हैं।

हाथठेला व्यवसाइयों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर अपना ठेला स्थाई तौर पर लगाकर व्यापार भी किया जा रहा है, जिसके कारण यातायात अव्यवस्था यहां बनी रहती है। पुलिस और नपा द्वारा संयुक्त कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन एक-दो दिन व्यवस्था ठीक रहने के बाद फिर वहीं हाल हो जाते है। इस कारण यहां आने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।बस स्टैंड की कायाकल्प के लिए पूर्व में परिषद ने प्रस्ताव पास किया था, जिसके अंतर्गत बस स्टैंड और बस स्टैंड के पीछे का हिस्सा जहां वर्तमान में नपा कार्यालय संचालित हो रहा है नवीन बस स्टैंड बनाने के लिए दोनों को मिलाकर एक प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा था, लेकिन उस प्रस्ताव पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है।

# राष्ट्र सेविका समिति मालवा प्रांत का पथ संचलन निकला-90 वर्षों के योगदान का सम्मान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**उज्जैन •** राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूरे होने पर रविवार को समिति की बहनों ने सामूहिक पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र और भगवा ध्वज पूजन से हुई। उसके बाद अतिथियों के संबोधन के बाद शहर के अलग-अलग मार्गों से पथ संचलन शुरू हुआ। रास्ते में कई जगहों पर लोग सेविका बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत कर रहे थे।संचलन की शुरुआत शहर के मध्य स्थित क्षीरसागर उद्यान से हुई। मुख्य वक्ता निधि शर्मा ने उपस्थित सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पथ संचलन सामूहिक शक्ति के प्रदर्शन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह संचलन विजयादशमी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है।

निधि शर्मा ने आगे कहा कि यह वर्ष समिति के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसकी स्थापना हेडगेवार ने 1925 में की थी, के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी प्रेरणा से लक्ष्मीबाई केळकर द्वारा मातृ शक्ति के बीच राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की गई थी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण है, जिसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं समाज और राष्ट्र की आधार शक्ति हैं और उनका योगदान समाज को श्रेष्ठ बनाने में निर्णायक होता है।=

उज्जैन महानगर की कार्यवाहिका दीपा पांडे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जीडीसी की इतिहास विभागाध्यक्ष अर्चना दुभाषे ने की। पथ संचलन शाम करीब साढ़े पांच बजे क्षीरसागर गांधी बाल उद्यान से शुरू हुआ और आगर रोड, चरक भवन, चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, एटलस चौराहा, नई सड़क, क्षीरसागर घाटी, मानस भवन होते हुए पुनः क्षीरसागर उद्यान में समापन हुआ। संचलन में समिति की बैंड धुन पर कदम से कदम मिलाकर बहनें हाथ में दंड लिए शामिल हुईं और पूरे मार्ग में सामूहिक अनुशासन का प्रदर्शन किया।

# खाद की राशि से केसीसी पलटी की मांग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन •** खरीफ सीजन की प्रमुख सोयाबीन फसल पर पड़ी अल्पवर्षा, पीला मोजेक और बाद में बेमौसम बारिश की मार से किसान परेशान है। इसी बीच रबी फसल की तैयारी होना है। इसके लिए खाद जुटाने का नया संकट खड़ा हो गया। इसको लेकर भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की हैं कि सोसायटियों के केसीसी की ऋण राशि पूरी भुगतान नहीं कराते हुए केवल खाद की राशि से ही पलटी करा दिया जाए। क्योंकि सोयाबीन खराब होने से किसान अभी केसीसी की पूरी राशि जमा करने असमर्थ हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए केवल खाद की राशि जमा कर रबी सीजन के लिए खाद प्रदान किया जाए।

# झुमके और चांदी के लिए बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन •** उज्जैन में जिस महिला की दो दिन से पुलिस और परिजन तलाश कर रहे थे उसका खून से सना शव झाड़ियों मिलने से सनसनी फैल गई। सभी सहम गए क्योंकि न तो महिला और न ही परिजनों का किसी से विवाद था। महिला की हत्या गला रेतकर की गई थी। इस घटना के बाद जब पुलिस ने जानकारी निकाली तो आरोपियो तक पहुंच गई। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सेवरखेड़ी निवासी महिला की गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस ने गांव के ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला को खेत में अकेला पाकर उसका दराते से गला रेत दिया और सिर पर लाठी से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद उसके कान से सोने के झुमके और पैरों से चांदी के कड़े उतारकर ले गए। वह आभूषण बेचने के लिए घूम रहे थे तभी सूचना पर पुलिस मिली। शक के आधार पर पुलिस ने उनको पकड़ा तो हत्या का राजफाश हो गया।

# कैग का खुलासा : जिन दवाओं पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने लगाया प्रतिबंध, मप्र सरकार ने उन्हीं को खरीदकर बांट दिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश और राजस्थान में 33 मासूम बच्चों की मौत से राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभाग की कार्यशेली पर सवाल उठ रहे हैं, इस बीच नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाला एक और बेहद चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है।

दरअसल, केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जिन दवाओं पर प्रतिबंध लगा रखा है, मध्यप्रदेश की हेल्थ एजेंसी ने उन्ही दवाओं को खरीद लिया और वितरित कर दिया। कैग (नियंत्रक महालेखाकार) की रिपोर्ट में इस चौंकाने वाले कारनामे का खुलासा हुआ है। इन प्रतिबंधित दवाओं को स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव के इस्तेमाल के लिए पूरी तरह से निषिद्ध माना था।

देश की सर्वोच्च लेखा संस्था ने अपनी 2024-25 की रिपोर्ट में खुलासा किया है कि मध्यप्रदेश की सरकारी एजेंसी मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने ऐसी प्रतिबंधित और खतरनाक दवाइयां खरीदीं और बांट दीं, जिन्हें भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इंसानों के लिए नुकसानदायक बताकर पूरी तरह बैन कर



रखा था। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कफ सिरप कोलड्रिफ की वजह से मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों स्टेट को मिलाकर 33 बच्चों की मौत से हड़कंप मचा हुआ है। कैग की 2024-2025 की रिपोर्ट में ये साफ बताया गया है कि जिन 518 दवाओं को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रतिबंधित कर रखा था, 2017 से 2022 के बीच में निगम ने इन्ही प्रतबंधित दवाओं के लिए इन दवा कंपनियों से 153.46 लाख का अनुबंध तय किया और जिला स्तर पर लोकल टेंडर के जरिए 22.96 लाख रुपए की दवाओं की खरीद भी कर डाली। यानी कुल 1.76 करोड़ की प्रतिबंधित दवाएं राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में पहुंचाई गईं। ये वही दवाएं थीं जिन्हें भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पूरी तरह मानव उपयोग के लिए प्रतिबंधित घोषित कर दिया था। कैग रिपोर्ट बताती है कि सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट- 1940 के तहत नवंबर 2021 में 518 दवाओं और उनके संयोजनों की सूची जारी की थी, जिनका निर्माण, बिक्री और वितरण देशभर में प्रतिबंधित था। इसके बावजूद मध्यप्रदेश की इस सरकारी एजेंसी ने न केवल इन्हीं दवाओं के लिए टेंडर जारी किए बल्कि अस्पतालों को उनकी सप्लाई भी कर दी।

**लापरवाही नहीं, अपराध है-** कैग की रिपोर्ट ने प्रदेश के ड्रग कंट्रोल सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि छिंदवाड़ा कफ सिरप जिसमें 23 बच्चों की जान चली गई, वो किसी एक कंपनी की गलती नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है। चाहे प्रतिबंधित एंटीबायोटिक की बात हों या जहरीले कफ सिरप की, ऐसा लगता है कि ऊपर से लेकर नीचे तक पूरे कुएं में भांग घुली हुई है।

### करोड़ों का सौदा सरकारी दस्तावेज़ों में दर्ज

चौंकाने वाली बात ये है कि जिन दवाओं को केंद्र सरकार ने सालों पहले बैन किया था, उन्हीं का करोड़ों का सौदा सरकारी दस्तावेज़ों में दर्ज है। यानी मेट्रोनिडाजोल + नॉरफ्लॉक्सासिन को 10 मार्च 2016 को गजट अधिसूचना के जरिए बैन किया गया था, लेकिन इसके बावजूद 27 अक्टूबर 2016 और 1 जुलाई 2017 को इसके रेट कॉन्ट्रैक्ट किए गए और 32.14 लाख की खरीद हुई। इसी तरह एजिथ्रोमाइसिन + सेफिक्सिम, जो उसी तारीख को बैन हुआ था, को 2018 और 2020 में फिर खरीदा गया, जिसकी कीमत 1.21 करोड़ से ज्यादा थी।

# टैक्स में गड़बड़ी निगम अफसर सस्पेंड

## 1 करोड़ 37 लाख की राशि बिना मंजूरी घटी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • राजस्व विभाग में फिर एक बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है। टैक्स में छूट देकर राशि कम करने के मामले में निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने कार्रवाई करते हुए सहायक राजस्व अधिकारी अरविंद नायक को निलंबित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ कर दिया। नायक पर आरोप है कि उन्होंने निजी स्कूल के संपत्ति कर खाते में बिना सक्षम स्वीकृति सवा करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी की। नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार स्कूल का संपत्ति कर 3 करोड़ 19 लाख 79 हजार 612 रुपए दर्ज था। बाद में यह घटाकर सिर्फ 1 करोड़ 82 लाख 88 हजार 53 रुपए कर दिया गया। यानी करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपए से ज्यादा की राशि बिना मंजूरी घटा दी गई। नायक ने सहायक राजस्व निरीक्षक की यूजर आईडी से एरिया और टैक्स दोनों में कटौती की।

### दो दिन से चल रही थी इसकी जांच

दो दिन से मामले की जांच चल रही थी। अन्य खातों की भी जांच होगी। बताया जाता है कि बिना सक्षम अधिकारी के साइन के टैक्स की राशि कम की गई। ऐसे मामलों में अपर आयुक्त के साइन होना जरूरी है। नायक इसके लिए अधिकृत नहीं थे।

### पहले भी रिश्वत के मामले आ चुके

नगर निगम का राजस्व विभाग पहले भी विवादों में रहा है। हाल ही में ईओडब्ल्यू ने इसी विभाग के एक अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा था। इससे पहले भी कई अधिकारी-कर्मचारी निलंबित हो चुके हैं। विभाग में लंबे समय से यह शिकायतें हैं कि पहले अधिक राशि का नोटिस जारी कर बाद में रकम घटाई जाती है और इस प्रक्रिया में हेराफेरी होती है।

---

**ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज इंदौर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की**

# एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए एनएमसी की मंजूरी मिली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, इंदौर को 2025-26 से 50 सीटों के साथ अपना एमबीबीएस कार्यक्रम शुरू करने के लिए एनएमसी से एक महत्वपूर्ण अनुमति पत्र प्राप्त हुआ है। यह महत्वपूर्ण विकास व्यापक अवसंरचनात्मक और शैक्षणिक तैयारी के बाद हुआ है, जिसमें 420 बिस्तरों वाला अस्पताल और पूर्ण संकाय भर्ती शामिल है, जो इस क्षेत्र के लिए बेहतर चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पहुंच का वादा करता है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, इंदौर ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की, जब उसने घोषणा की कि उसे शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 50 सीटों के साथ एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से प्रतिष्ठित अनुमति पत्र (एलओपी) प्राप्त हुआ है।

ईएसआईसी इंदौर के उप निदेशक, ईएसआईसी पुलकित जैन के अनुसार, कॉलेज प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय पिछले सात-आठ महीनों में पूरी संस्थागत टीम की अथक कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट समन्वय और समर्पण को दिया है। उन्होंने कहा, एमबीबीएस पाठ्यक्रम की अनुमति इंदौर में उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की पहुँच के एक नए युग की शुरुआत करेगी, जिसका सीधा लाभ छात्रों, बीमित व्यक्तियों और आम जनता को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय विशेष रूप से डीन डॉ. राजेश यू. संग्राम को दिया जाता है, जबकि संयुक्त निदेशक डॉ. मो. रुबानी और सभी विभागीय और स्टाफ सदस्यों के सहयोगात्मक प्रयासों ने भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएमसी का यह निर्णय संस्थान द्वारा विश्वस्तरीय मानकों को पूरा करने के लिए व्यापक अवसंरचनात्मक और शैक्षणिक तैयारियाँ पूरी करने के बाद आया है।

**शैक्षणिक सुविधाएँ-** कॉलेज ने लड़कों और लड़कियों के लिए नए, अलग-अलग छात्रावास और शिक्षकों के लिए आवासीय क्वार्टर स्थापित किए हैं। इसमें आधुनिक तकनीक से सुसज्जित स्मार्ट कक्षाएँ, एक पूर्णतः कार्यात्मक डिजिटल पुस्तकालय और सभी आवश्यक शिक्षण सहायक सामग्री उपलब्ध हैं। संकाय और कर्मचारी, संकाय की भर्ती पूरी हो चुकी है, और कुल सदस्यों की संख्या लगभग 102 है। चिकित्सा अनुपालन- कार्यस्थान, चिकित्सा उपकरण और शव भंडारण कक्ष सहित सभी प्रयोगशाला सुविधाएँ एनएमसी मानकों के अनुसार तैयार हैं। रक्त बैंक सेवाएँ वर्तमान में एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से चालू हैं और जल्द ही एक आंतरिक सुविधा में परिवर्तित होने वाली हैं।

# समय से पहले बढ़ी ठंड : रात के तापमान में 5 डिग्री की गिरावट, पारा 14 डिग्री सेल्सियस पर



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में बीते तीन दिनों से रात में ठंड का असर बढ़ गया है। पिछले 72 घंटों में रात के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार रात न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। इस दौरान हल्की ठंड का लगातार अहसास होता रहा।

आमतौर पर इंदौर में ठंड का असर दीपावली के बाद शुरू होता है, लेकिन इस बार अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से ही रातें सर्द होने लगी हैं। वहीं, पिछले 5 दिनों से अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ है, जो औसत से 3 डिग्री कम है।

शनिवार को दिनभर मौसम शुष्क रहा। शाम 7 बजे के बाद हल्की ठंड महसूस होने लगी, जो रातभर बनी रही। रविवार सुबह से मौसम साफ रहा।

पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच लगातार पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) सक्रिय रहे, जिससे ठंड का असर उतना नहीं पड़ा। हालांकि, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड ने जोर पकड़ा था।

### 25 साल पहले रिकॉर्ड 6.2 डिग्री तापमान

22 अक्टूबर 2000 को इंदौर में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो अब तक का अक्टूबर का रिकॉर्ड है।
22 अक्टूबर 1999 को न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था, जो अब तक की सबसे ठंडी रात मानी जाती है।
1985 में अक्टूबर में 9 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई थी।
इसी साल 9 अक्टूबर को 24 घंटे में 6.19 इंच बारिश हुई थी, जो रिकॉर्ड है।

---

# भूमाफिया पर गोली चलाने वाले सभी आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल, कट्टा और मोपेड जब्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • लसूडिया में 24 सितंबर की शाम भूमाफिया मनोज नागर पर उसके ही साथी सोनू उर्फ खरगोश ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया था। इस दौरान मनोज नागर पर गोली चला दी थी। हमले के 24 घंटे के अंदर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं मुख्य आरोपी सहित अन्य हमलावर फरार थे। डीसीपी ने आरोपियों पर 10-10 हजार के इनाम की घोषणा की थी। पुलिस ने सभी को शनिवार देर रात हिरासत में लिया। भागने के दौरान आरोपी घायल हो गए।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह की टीम ने सोनू उर्फ विनय पुत्र भूमिराज सिंह राठौर निवासी

## घटना से दो दिन पहले रची थी साजिश

रामकृष्णबाग कॉलोनी, युवराज सोनगरा उर्फ राज बच्चा पुत्र दिनेश सोनगरा निवासी वैभव लक्ष्मीनगर, शुभम पुत्र रमेश खेड़कर निवासी अहिल्या माता कॉलोनी रानी सती गेट और अरविंद पुत्र दयाराम परमार निवासी वैभव लक्ष्मीनगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा और एक मोपेड जब्त की गई है।

पुलिस को मुख्य आरोपी सोनू ने बताया कि मनोज से प्रॉपर्टी का काम करने के दौरान कई बार विवाद हुआ। मनोज नागर को रास्ते से हटाकर वह स्वतंत्र व्यापार करना चाहता था, लेकिन मनोज कई बार बीच में आकर उसका काम बिगाड़ देता और सौदे नहीं होने देता था। इसके बाद विनय उर्फ सोनू ने अपने साथी शुभम खेड़कर, युवराज उर्फ राज बच्चा और अरविंद परमार को इकट्ठा किया और घटना से दो दिन पहले अरविंद परमार के घर पर योजना बनाई।

मनोज नागर की रेकी के लिए अरविंद परमार को तैयार किया, वही अवैध हथियार का इंतजाम किया। शुभम खेड़कर के माध्यम से एक कार रेंट पर लेकर घटना को अंजाम दिया। युवराज उर्फ राज बच्चा ने मनोज की कार के सामने अपनी कार अड़ाकर एक्सीडेंट के बहाने उसे कार से नीचे उतारा और झूमाझटकी की। तभी मौका पाकर एक नाबालिग साथी ने मिर्च पाउडर फेंक दिया, जिसके बाद विनय मोपेड से वहां पहुंचा और हेलमेट में चेहरा छिपाकर एक के बाद एक तीन फायर किए, जो मनोज के हाथ और पेट में लगे।

वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। उन्होंने अलग-अलग जिलों में फरारी काटी। आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें काम कर रही थीं।

# अब से अंतिम उत्पादों के लिए अनिवार्य डीईजी परीक्षण प्रस्तावित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश सरकार ने फार्मास्युटिकल सिरप के परीक्षण में नियामकीय बदलाव का प्रस्ताव दिया है, जिसका उद्देश्य कच्चे माल और कफ सिरप जैसे तैयार उत्पादों, दोनों के लिए डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) परीक्षण अनिवार्य करना है।

यह वर्तमान प्रथा से अलग है, जहाँ डीईजी परीक्षण केवल निर्माण प्रक्रिया के दौरान उपयोग किए जाने वाले सॉल्वैंट्स और एक्सीपिएंट्स जैसे कच्चे माल तक ही सीमित है। प्रस्तावित बदलाव हाल ही में दूषित सिरप से जुड़ी घटनाओं के बाद आया है, जिसने मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण ढांचे में खामियों को



उजागर किया है। श्रीवास्तव ने कहा कि केवल कच्चे माल का परीक्षण अंतिम उत्पाद की सुरक्षा की गारंटी नहीं देता, क्योंकि निर्माण, बोतलबंद करने या भंडारण के दौरान संदूषण हो सकता है। डायएथिलीन ग्लाइकॉल एक विषैला यौगिक है जो कई घातक विषाक्तता के मामलों से जुड़ा हुआ है। औषधीय सिरप में इसकी उपस्थिति, अल्प मात्रा में भी, गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। कोल्ड्रिफ में 46-48% डीईजी पाया गया, जो बच्चों की मौत का कारण बनता है।

यह प्रस्ताव दवा विनियमन में प्रणालीगत सुधारों के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, और इसके कार्यान्वयन के लिए समर्थन और धन प्राप्त करने हेतु केंद्र सरकार के साथ चर्चा चल रही है।

---

**इंदौर सराफा बाजार में महिला ने किया हंगामा**

# ज्वेलरी दुकान का कांच तोड़ा, महिला पुलिसकर्मी के हाथ पर काटा; एफआईआर दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सराफा बाजार में रविवार रात उस समय हंगामा मच गया जब भीड़भाड़ के दौरान एक महिला ने अचानक दुकानदारों और पुलिसकर्मियों से झगड़ा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि महिला ने न केवल दुकान में तोड़फोड़ की, बल्कि बीच बचाव करने पहुंची एक महिला पुलिसकर्मी के हाथ पर भी काट लिया।

सराफा पुलिस के अनुसार बड़ा सराफा स्थित अनिल ज्वेलर्स के संचालक सुमित जैन की शिकायत पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। देर रात एक महिला दुकान पर पहुंचीं और ग्राहकों से अपशब्द कहने लगीं। वह किसी को भी दुकान में आने नहीं दे रही थीं।

सुमित ने स्थिति बिगड़ती देख ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी सुनीता राठौर को बुलाया। आरोप है कि महिला ने उनसे भी अभद्र व्यवहार किया और बाहर निकालने के प्रयास में दुकान का कांच तोड़ दिया। बाद में सड़क पर आकर उसने और अधिक हंगामा किया। महिला बार-बार कह रही थी कि पुलिस को बुलाओ।

### पुलिस ने थाने ले जाकर की पूछताछ

इसी दौरान जब पुलिसकर्मी ने उसे काबू में करने की कोशिश की, तो महिला ने सुनीता के हाथ पर काट लिया। बाद में पुलिस ने महिला को थाने लाकर पूछताछ की। व्यापारी की शिकायत पर मारपीट, तोड़फोड़ और हंगामे के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और अवैध वसूली से जुड़ी शिकायतों की भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

# ऑनलाइन से मंगवाए चाइनीज चाकू से की पार्थ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • विजयनगर में पार्थ दीवान की हत्या के मामले में कोर्ट में सरेंडर करने वाले 17 साल के नाबालिग को जेल भेज दिया गया है। इसी नाबालिग ने पार्थ पर चाइनीज चाकू से वार किए थे, जो उसने ऑनलाइन मंगवाया था। उसे बुलाने वाला आरोपी निकुंज गुप्ता फिलहाल 17 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर है। पुलिस अब आरोपियों से हत्या की पूरी साजिश की जानकारी जुटा रही है।

**अमेजन से चाइनीज चाकू खरीदा**-हत्या के आरोपी नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि उसने कुछ दिन पहले ही चाइनीज चाकू खरीदा था और वह हमेशा उसे अपने साथ रखता था। इसी चाकू से पार्थ पर एक के बाद एक कई वार किए गए। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

निकुंज गुप्ता ने पुलिस को बताया कि दुकान से निकलते समय उसका कंधा पार्थ दीवान से टकरा गया। पार्थ वहां से जा रहा था, लेकिन निकुंज ने उसे अपशब्द कह दिए, जिससे कहासुनी हो गई। इसके बाद पार्थ जब पैदल जाने लगा, तो निकुंज ने अपने नाबालिग दोस्त को बुलाया था।

विजयनगर पुलिस निकुंज गुप्ता और उसके साथी लविश वाडे से हत्या को लेकर रिमांड में पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि इस वारदात के पीछे पुरानी गैंगवार की भी कड़ी जुड़ी हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि चौथे आरोपी शोभित चौहान की तलाश जारी है और इनाम भी घोषित करने की तैयारी की जा रही है।

**कई मामलों में फंस चुका है निकुंज**- पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी निकुंज गुप्ता कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था। वह हीरानगर में गुंडे अनिल दीक्षित की हत्या के मामले में भी फंस चुका है। उस समय भी उसके साथी उसे अपने साथ लेकर गए थे, लेकिन उसने दावा किया कि उसे हत्या की जानकारी नहीं थी।

**दीक्षित गैंग से चल रही पुरानी रंजिश**- निकुंज गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि अनिल दीक्षित की हत्या के बाद से उसकी गैंग से दुश्मनी चल रही है। दीक्षित गैंग के सदस्य अब उससे और उसके साथियों से बदला लेने की फिराक में हैं। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं पार्थ दीवान की हत्या उसी रंजिश का हिस्सा तो नहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।